WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 261 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ईवीएम के जरिए वोट चोरी का आरोप लगाते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो कथित बम फोड़े थे उसे कर्नाटक की जनता ने चुटचुटी पटाखा साबित कर दिया। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार इसी ईवीएम से बनी थी। अब उसने ईवीएम पर सर्वे कराया तो कर्नाटक के 90 प्रतिशत लोगों ने ईवीएम पर भरोसा जताकर ईवीएम के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम की हवा निकाल दी। मतलब विपक्ष के वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे की वाट लग गई। इसीलिए सयाने कह गये हैं कि यदि खुद की सूरत अच्छी न हो तो आईने को दोष नहीं देते।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लकवाग्रस्त महिला के लिए तुरंत मंजूर हुए 5 लाख रुपए

जनदर्शन में सुनी आमजन की पीड़ा, मुख्यमंत्री ने मौके पर सुलझाई समस्याएँ

रायपुर/नवप्रदेश। लोकतंत्र में सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद ही सुशासन की वास्तविक कसौटी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 'जनदर्शन' के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा सुनते हुए न केवल उसकी समस्या को समझ रहे हैं, बल्कि मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। लोगों की जरूरतों, मांगों और तकलीफों के प्रति यह संवेदनशील और त्वरित दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि संवेदनशीलता ही सुशासन के केंद्र में है। जब जन आकांक्षाओं को मुख्यमंत्री की सहृदयता से दिशा मिलती है, तब अंत्योदय की संकल्पना साकार होती है।

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री के शासकीय निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने बैटरी चालित ट्राइसिकल किया प्रदान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को बैटरी ट्राइसिकल प्रदान किए गए। जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जनदर्शन में पैरों से चलने में असमर्थ रायपुर शंकर नगर से बिन्दु बीरे उम्र 45 वर्ष बेट्री चालित ट्रायसायकल प्रदान किया। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे ट्रायसायकल नहीं खरीद पा रही थी। उनकी समस्या सुनते ही मुख्यमंत्री ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

नाबालिग शूटर से रेप, आरोपी नेशनल कोच सस्पेंड

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद की एक नाबालिग शूटर ने कोच पर रेप का आरोप लगाया है। शूटर का कहना है कि कोच ने उसकी परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद की फाइव स्टार होटल के रूम में बुलाकर उसके साथ रेप किया। इस घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने की भी धमकी दी। नाबालिग करीब 21 दिनों तक सदमे में रही। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। 6 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरीदाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमेरिका 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से निकलेगा बाहर

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। द गार्डियन के मुताबिक इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है।

सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : योगी

गोरखपुर (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में देश भर में मारे छापे

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार को देश भर में तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है। एक ईडी अधिकारी ने कहा, यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था, लेकिन जांच में पता चला है कि इसमें वन विभाग, आरआरबी, भारतीय डाक, आयकर, उच्च न्यायालय, पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार, डीडीए और राजस्थान सचिवालय सहित 40 से ज़्यादा अन्य सरकारी संगठनों और विभागों के नाम पर धोखाधड़ी की गयी है।

रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

भारत, चीन और ब्राजील पर 500% टैरिफ वाले बिल को ट्रंप की हरी झंडी

वॉशिंगटन डीसी/वार्ता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025 है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लडऩे में मदद मिल रही है।

क्यों लाया एसआरए एक्ट

रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

एक झटके में 8 लाख करोड़ स्वाहा...

नई दिल्ली/ए.। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट आई है। सेंसेक्स और निफ्टी50 में लगातार चौथे दिन भी गिरावट जारी रही। सिर्फ 4 दिन के दौरान ही शेयर बाजार से 1600 से ज्यादा अंक टूट गए हैं। वहीं निफ्टी में भी 2 फीसदी तक की गिरावट आई यानी करीब 400 अंक निफ्टी टूटा है। 2 जनवरी को सेंसेक्स 85,762.01 पर बंद हुआ था और आज यानी 8 जनवरी को सेंसेक्स 84,180 पर क्लोज हुआ यानी करीब 1600 अंकों की गिरावट आई है। इसी तरह, निफ्टी 4 करोबारी दिनों के दौरान 400 अंक गिरकर 25876 पर बंद हुआ है।

गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 780 अंक या 0.92 प्रतिशत गिरकर 84,181 पर आ गया, जबकि एनएसई सेंसेक्स 264 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 25,877 पर बंद हुआ। बाजार बंद होने के समय बिकवाली का भी दबाव रहा, जिससे बीएसई ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

निवेशकों को तगड़ा नुकसान

बीएसई के मार्केट कैप के आधार पर निवेशकों की संपत्ति में पिछले सत्र के 479.94 लाख करोड़ रुपये से 8.11 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 471.82 लाख करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और टेक महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों के कारण बाजार सूचकांकों पर दबाव बना रहा।

टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर ईडी के छापे

■ कार्रवाई के बीच ममता फाइल उठाकर निकलीं; कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे

कोलकाता/वार्ता। इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पॉलिटिकल कंसलटेंट फर्म आई-पीएसी के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की। प्रतीक ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। पश्चिम बंगाल में कोलकाता समेत 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई। कोलकाता में प्रतीक छापेमारी के दौरान घर पर ही मौजूद रहे। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

10 ठिकानों पर चल रही है छापेमारी

ईडी ने कहा- कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों ने दस्तावेज छीने ईडी ने कहा कि कोलकाता में आई-पीएसी कार्यालय पर छापे पूरी तरह सबूतों के आधार पर किए जा रहे हैं। यह किसी राजनीतिक दल या चुनाव से जुड़ा मामला नहीं है। यह कार्रवाई अवैध कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में हो रही है। फिलहाल 10 ठिकानों पर तलाशी जारी है। 6 पश्चिम बंगाल और 4 दिल्ली में। एजेंसी ने बताया कि जांच में कैश जनरेशन, हवाला ट्रांसफर से जुड़े परिसर शामिल हैं। किसी भी पार्टी कार्यालय की तलाशी नहीं ली गई।

स्टार्टअप और एआई उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माता: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026ó से पूर्व 'एआई फॉर ऑलः ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंजó के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी। ये स्टार्टअप कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और वैयक्तिकृत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत एनालिटिक्स, स्वास्थ्य देखभाल निदान और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई क्षेत्र की तीव्र वृद्धि और अपार भविष्य की ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

जनगणना 2027-पहला फेज 1 अप्रैल से सितंबर के बीच होगा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसकी शुरुआत घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इक_ा करने से होगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। एमएचए ने बुधवार को नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि 1 अप्रैल से देशभर में सभी मकानों और परिवारों की लिस्ट बनाई जाएगी। साथ ही परिवारों की अन्य जानकारी भी इक_ी की जाएगी, ताकि जनसंख्या गिनने की मजबूत तैयारी हो सके। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था, जो अब 2027 में पूरी होगी।

जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगीः सरकार ने बताया कि इस बार ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

झारखंड शराब घोटाला: नवीन केडिया को एसीबी की टीम ने गोवा से किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड शराब घोटाले मामले में केडिया डिस्टलरी के संचालक नवीन केडिया को एसीबी की टीम ने गोवा से गिरफ्तार किया है। वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। झारखंड शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में एसीबी को नवीन केडिया की तलाश थी। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी को कारोबारी नवीन केडिया की तलाश थी। उन पर पहले से ही गिरफ्तारी वारंट जारी था। जिसके बाद से वे कई महीनों से फरार चल रहे थे। लंबी खोजबीन और तकनीकी निगरानी के बाद एसीबी की टीम ने गोवा में छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम नवीन केडिया को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची रवाना होगी। वहां उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा और आगे की पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की जा सकती है।

शराब घोटाले की अहम कड़ी माने जाते हैं नवीन केडिया

नवीन केडिया को झारखंड शराब घोटाले में एक अहम कड़ी माना जाता है। ऐसे में जांच एजेंसी को उम्मीद है कि उनकी गिरफ्तारी से घोटाले से जुड़े नेटवर्क, वित्तीय लेन-देन और अन्य प्रभावशाली लोगों की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। एसीबी की इस कार्रवाई को घोटाले की जांच में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

गरमा-गरमा

ठंड का कहर | 17 जिलों में शीतलहर की चेतावनी, लगातार बढ़ते जा रही ठंड, सावधानी बरतने की जरूरत

छत्तीसगढ़ में पांच जिलों में 10 जनवरी तक स्कूल बंद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सर्दी लगातार अपने चरम पर है। पहाड़ी और जंगल क्षेत्रों में तापमान रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है, जबकि मैदानों में भी कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। शीतलहर की चेतावनी के बीच कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

पांच जिलों में 10 जनवरी तक स्कूल बंदः कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने पांच जिलों में 10 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 17 जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। राजधानी रायपुर सहित कई हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया है, जिससे सुबह-शाम ठिठुरन और बढ़ गई है वहीं दुर्गापुर रोड पर तापमान 7 डिग्री तक लुढ़क गया है। रायपुर, दुर्ग, महासमुंद और धमतरी में रात के तापमान में अचानक गिरावट आई है। सुबह धुंध की ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

अंबिकापुर-मैनपाट में पारा 1.5 डिग्री तक गिरा

प्रदेश के सबसे ठंडे इलाकों में शामिल अंबिकापुर और मैनपाट में तापमान 1.5एष्ट दर्ज किया गया है, जो इस सीजन का सबसे न्यूनतम स्तर है। पहाड़ी इलाकों में ओस की बूंदें जमकर बर्फ में तब्दील हो गईं। खेतों, सड़कों और घरों की छतों पर सफेद परत साफ दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में तापमान में और गिरावट हो सकती है, खासकर उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों में।

ई-मेल से मचा हड़कंप

एमपी-छत्तीसगढ़ के चार कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

रायपुर/नवप्रदेश। एक ही दिन में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चार जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। छत्तीसगढ़ में दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव जिला न्यायालय, जबकि मध्यप्रदेश में रीवा जिला न्यायालय को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है। धमकी की सूचना मिलते ही तीनों न्यायालय परिसरों में अफरातफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा को देखते हुए तत्काल सभी न्यायालय परिसरों को खाली कराया गया। न्यायालयों में मौजूद न्यायाधीश, अधिवक्ता, कर्मचारी और आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही संबंधित जिलों की पुलिस और बम निरोधक दस्ता (बॉम्ब स्क्वॉड) मौके पर पहुंच गया और पूरे परिसर की सघन तलाशी शुरू की गई। डॉग स्क्वॉड की मदद से भी जांच की जा रही है। फिलहाल किसी भी न्यायालय से संदिग्ध वस्तु मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

न्यूज गैलरी

जितेन्द्र चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को दी गई स्थानांतरण होने पर ससम्मान विदाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर का जिला गरियाबंद से स्थानांतरण होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया गया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार, जनसंपर्क एवं पुलिस-जन समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विदाई के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए गरियाबंद जिले के प्रति अपने स्नेह को साझा किया गया।

नेशनल स्कूल गेम्स में 800 खिलाड़ी लेंगे भाग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में 11 से 15 जनवरी तक नेशनल स्कूल गेम्स स्पर्धा का आयोजन संपन्न कराया जाना है जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव जिले को इस वर्ष नेशनल स्कूल गेम्स बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए जिम्मेदारी मिली है। राजनांदगांव जिला मुख्यालय स्थित दिग्विजय स्टेडियम में खेल स्पर्धा का आयोजन कराया जाएगा जहां पर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिला मुख्यालय के दिग्विजय स्टेडियम में 11 से 15 जनवरी तक नेशनल स्कूल गेम्स बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। 69वीं राष्ट्रीय शालेय खेल स्पर्धा के अंतर्गत बास्केटबॉल बालक बालिका अंडर 17 वर्ग का आयोजन किया जाएगा। स्पर्धा में 800 से अधिक बास्केटबॉल खिलाड़ियों के साथ 200 की संख्या में कोच मैनेजर सहित अन्य स्टाफशामिल होंगे। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में 11 से 15 जनवरी तक नेशनल स्कूल गेम्स बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी जिला शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही है। स्कूल गेम्स स्पर्धा को संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा सभी अधिकारियों के साथ-साथ पीटीआई शिक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

बस संचालक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दो दिन पूर्व नया बस स्टैंड में बस संचालक पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ब्राह्मण पारा, राजनांदगांव निवासी मनोज तिवारी पिता स्व। वीके तिवारी (51 वर्ष) के साथ आरोपी पेंड्री अटल आवास निवासी टुकेश नेताम उर्फबाबू पिता शंकर नेताम (19 वर्ष) ने बस हटाने की बात पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के साथ टांगिया से जानलेवा हमला किया था। हमले में प्रार्थी के सिर एवं दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई। कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त लोहे का टांगिया जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।

सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी-यूजी) 2026 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैंडिडेट्स एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन एप्लिकेशन कर सकते हैं। सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 30 जनवरी, 2026 तय की गई है। वहीं, 31 जनवरी तक कैंडिडेट्स एग्जाम फीस सब्मिट कर सकते हैं। इसके साथ ही एप्लिकेशन फॉर्म में सुधार करने के लिए करेक्शन विंडो 2 फरवरी, 2026 को ओपन होगी। कैंडिडेट्स 4 फरवरी, 2026 तक अपने एप्लिकेशन फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को किसी मान्यता प्राप्त राज्य या केंद्रीय बोर्ड से कक्षा 12वीं की परीक्षा पास होना जरूरी है।

6 माह से पंप खराब, निगम नहीं कर रहा सुनवाई, मिल रहा गंदा पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मसानगंज महिला थाना के पास स्थित नगर निगम का मोटर पंप पिछले 6 माह से जल गया है। इससे यहां के लोग काफी परेशान हो रहे हैं। पंप से गंदा पानी की सप्लाई होने से लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी न तो वार्ड पार्षद इसे सुधारने का नाम ले रहा है और न ही निगम के कर्मचारी। उनका कहना है कि जला हुआ पंप का समान नहीं मिलने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ ले रहे हैं। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को हा रहा है। स्थानीय पार्षद भी लोगों की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। उन्हें नगर निगम आफिस भेजकर अपने दायित्व से मुक्ति पा ले रहा है। अब क्षेत्र के लोग जाए तो कहां जाए। निगम प्रशासन की उदासीनता के चलते यहां के लोगों को पंप से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। निगम प्रशासन से शीघ्र ही इस पंप को सुधारवाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। वार्ड में गंदा पानी की सप्लाई होने से लोग बीमारी के शिकार रहे हैं।

कोरिया वन मंडल कार्यालय की हरियाली पर चली कुल्हाड़ी

निर्माण कार्य के लिए हरा-भरा नीम का पेड़ काट दिया

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया वन मंडल के नए कार्यालय भवन के निर्माण को लेकर परिसर की हरियाली लगातार खत्म होती जा रही है। निर्माण कार्य के लिए एक हरा-भरा नीम का पेड़ काट दिया गया है, वहीं एक मोटा और बेशकीमती करंज का पेड़ भी काटा जा चुका है। जानकारी के अनुसार एक और बचे करंज के पेड़ को काटने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा परिसर में लगे चार बड़े पाम ट्री के चारों ओर पानी डालकर उन्हें निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे इन पेड़ों के भी बचने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग कार्यालय परिसर में वर्षों से विकसित हरियाली धीरे-धीरे समाप्त की जा रही है। निर्माण कार्य के नाम पर पुराने पेड़ों को हटाया जा रहा है, जबकि इनके संरक्षण और वैकल्पिक व्यवस्था पर कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। इतना ही नहीं, लगभग डेढ़ साल पहले लाखो रुपये खर्च कर बनाए गए शेड निर्माण को भी हटाया जा रहा है। वहीं करीब 5 लाख रुपये की लागत से बने वाहन चालकों के विश्राम कक्ष को तोड़कर पूरी तरह मटियामेट कर दिया गया है, जबकि यह भवन अभी डिस्मेंटल योग्य भी नहीं था। इससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी का आरोप भी लग रहा है। पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि वन विभाग के ही कार्यालय परिसर में इस तरह हरियाली को खत्म किया जाना कितनी विडंबना है। लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान पेड़ों के संरक्षण, पुनःरोपण और पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता दी जाए, ताकि कार्यालय परिसर की प्राकृतिक पहचान बनी रह सके।

माता राजिम के बताए संदेश मानव जीवन के लिए कल्याणकारी : सीएम

मुख्यमंत्री साय भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में हुए शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव में शामिल समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री साय ने महोत्सव स्थल पर समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भक्त माता राजिम और भक्त माता कर्मा की जयकारे के साथ कहा कि आज हम सब भगवान श्री राजीव लोचन का पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना किए है। आज सिरकट्टी आश्रम में भी 9 करोड़ रुपए के लागत से भव्य राम जानकी मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। इस पुण्य अवसर पर हमें शामिल होने का सौभाग्य मिला।जैसे अयोध्या धाम में धर्म ध्वजा स्थापना किए है।उसी तर्ज पर यहां कुटेना में भी धर्म ध्वजा स्थापित किया गया है। मेरा सौभाग्य है कि एक साल पहले भी इस अवसर पर शामिल होने का अवसर मिला था।यह समाज समृद्ध और शिक्षित समाज है। हर दृष्टिकोण से समृद्ध रहा है। इतिहास भी समृद्ध रहा है। हम सबको दानवीर भामाशाह,बाबा सत्यनारायण जी का आशीर्वाद मिल रहा है। यह समाज निरंतर विकास करें। यही कामना है।जब समाज एक जुट होगा तो केवल समाज ही नहीं प्रदेश और देश भी शक्तिशाली और समृद्ध बनता है। उन्होंने कहा कि समाज का अनेक कार्यक्रम अनुकरणीय है। सामूहिक विवाह एक अनुकरणीय पहल है।

हम राजिम दाई के आशीर्वाद से हर गारंटी को पूरा कर रहे हैं। राज्य समृद्ध है खनिज,वन, उर्वरा से भरपूर है। अब नक्सलवाद से जवान पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। हम सबका संकल्प है कि 31 मार्च तक बस्तर को नक्सल मुक्त कर देंगे।आज 400 गांव को आबाद किए हैं। राज्य के विकास में बाधक नक्सलवाद अब खत्मा की ओर है।राज्य को हम सब समृद्ध दिशा में लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हर आयोजन के लिए सरकार साथ है। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजिम माता भक्ति जयंती की बधाई दी और कहा कि राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू एवं चुन्नी लाल साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, थानेश्वर साहू, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, लेखराम साहू, समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

रेलवे में आइसोलेटेड कैटेगरी पर निकली भर्ती, 29 तक आवदेन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट 29 जनवरी एवं फीस जमा करें की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। रेलवे की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के अंतर्गत कुल 312 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पद का नाम एवं उनकी संख्या की डिटेल आप यहां चेक कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 12वीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट होना तक आवश्यक होगा। इसके अलावा भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। वहीं, अधिकतम आयु पदानुसार 30/32/33/35/40 वर्ष निर्धारित है। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी। पात्रता एवं मापदंड की पदानुसार डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

बोर्ड की शुरू हुई प्रायोगिक परीक्षाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की भी प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू हो गई है। 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए विषय शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत भी 10वीं और 12वीं बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही है, जिसे भी 14 जनवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश जारी कर दिए गए है। ज्ञात हो कि 10वीं और 12वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा शुरू होने के पहले प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ण कर ली जाती है। पूर्व के वर्षों में 10 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू होती थी लेकिन इस वर्ष 1 जनवरी से ही शुरू कर दी गई है।

राजनांदगांव जिले में सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत भी दसवीं और बारहवीं बोर्ड की कक्षाएं संचालित होती है। अधिकतर शालाओं में सीबीएसई बोर्ड की व्यवस्था सुनिश्चित होने के कारण सीबीएसई बोर्ड की भी प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जनवरी से 14 जनवरी के मध्य संपन्न कराई जा रही है। इसके लिए भी विषय शिक्षकों को अधिकृत कर दिया गया है। सीबीएसई बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं पूरी तरह से संचालित की जा रही है।

वहीं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत आने वाले हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी प्रायोगिक परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रायोगिक परीक्षाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा विषय शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिनके देखरेख में प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराई जा रही है।

गरियाबंद में सैनिक स्कूल विवाद ने पकड़ा तूल, सड़क पर उतरी कांग्रेस-डीईओ का पुतला दहन, पारदर्शिता पर उठे सवाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में स्वीकृत सैनिक स्कूल को जिला मुख्यालय से बाहर ले जाने के निर्णय को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। इस फैसले से आक्रोशित कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तिरंगा चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सैनिक स्कूल के लिए जिले के पांचों अनुविभागों से उपयुक्त भूमि की जानकारी मंगाई जानी थी, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी किए बिना ही एकतरफा और संदिग्ध तरीके से स्थल चयन का फैसला लिया गया। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर किसके इशारे पर यह निर्णय लिया गया, और इसे पारदर्शिता के खिलाफ बताते हुए बड़ी साजिश की आशंका जताई।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों में शिक्षा विभाग के प्रति गहरी नाराजगी देखने को मिली। नेताओं ने डीईओ पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए जनप्रतिनिधियों को गुमराह करने का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि सैनिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को लेकर लिया गया यह फैसला जिले के हितों के साथ खिलवाड़ है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि स्थल आबंटन की प्रक्रिया को तुरंत निरस्त कर पारदर्शी तरीके से पुनः विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम से जिले की राजनीति गरमा गई है और प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर सोसायटियों में उत्साह के साथ मनाया गया चावल उत्सव

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के अंतर्गत गरियाबंद के बिंद्रानवागढ़ सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया समिति सहित विभिन्न सहकारी समितियों में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया।

चावल उत्सव के दौरान हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में चावल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सुरेन्द्र सोनटेके, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, विष्णु मरकाम एवं जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, रितु मौर्य सहित समिति के सेल्समैन रमेश निर्मलकर, संतोष कंसारी और बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष में राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर किए गए प्रयासों को रेखांकित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। चावल उत्सव के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहे।

हितग्राहियों ने चावल उत्सव की गई सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न मिल रहा है, जिससे आर्थिक राहत भी मिल रही है। आयोजन को सफल बनाने में खाद्य विभाग, सहकारी समितियों और स्थानीय प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इंस्टाग्राम में फेमस होने चाकू लहराते हुए बनाया वीडियो, 3 गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर फेमस होने और फॉलोअर्स बढ़ाने की सनक में तीन युवकों को कानून से पंगा लेना भारी पड़ गया। गुंडरदेही थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर चाकू लहराते हुए गाली-गलौच का वीडियो पोस्ट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, तीनों युवक इंस्टाग्राम पर लोकप्रिय होने के उद्देश्य से अपने सोशल मीडिया पेज पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट कर रहे थे। वीडियो में युवक खुलेआम चाकू लहराते हुए गाली-गलौच करते नजर आ रहे थे, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन सकता था। वीडियो सामने आते ही गुंडरदेही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गए युवकों की पहचान लक्की बिझेकर (18 वर्ष), निवासी सितलापारा गुंडरदेही, संस्कार सोनी (23 वर्ष), निवासी कौशल महाविद्यालय के पास गुंडरदेही और पदुम भारती गोस्वामी (24 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 04 गुंडरदेही के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन और अश्लील भाषा का प्रयोग कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

गांव सशक्त होंगे, तभी साकार होगा विकसित भारत का संकल्प: मंत्री तोखन साहू

'वार्तालाप' में वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 पर हुई चर्चा, ग्रामीण विकास को मिली नई दिशा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यशाला का मुख्य विषय 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' रखा गया, जो ग्रामीण भारत के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की दिशा में केंद्र सरकार की एक युगांतकारी पहल है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि जी-राम-जी अधिनियम, 2025 केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास को 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़ने वाली एक आधुनिक रूपरेखा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस मिशन की पृष्ठभूमि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बिचौलियों से मुक्त करने, सीधा लाभ हस्तांतरण सुनिश्चित करने और ग्राम सभाओं को निर्णय लेने हेतु वास्तविक शक्ति प्रदान करने पर टिकी है। मिशन की पृष्ठभूमि और इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह अधिनियम पारंपरिक रोजगार योजनाओं की सीमाओं को लांघते हुए अब 100 के स्थान पर 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की गारंटी देता है। साथ ही, श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को और अधिक तीव्र करते हुए इसे साप्ताहिक (07 दिन) कर दिया गया है। यह मिशन न केवल रोजगार सृजन पर केंद्रित है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचे और स्थायी उत्पादक संपत्तियों के निर्माण के माध्यम से गाँव के अंतिम व्यक्ति की आय में वृद्धि करने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यशाला के दौरान 'विकसित भारत जी-राम-जी' अधिनियम, 2025 के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस मिशन को मनरेगा अधिनियम में एक युगांतकारी सुधार बताते हुए साझा किया गया कि यह अब केवल रोजगार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप टिकाऊ और उत्पादक संपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता देता है। अधिनियम की एक प्रमुख विशेषता यह है कि अब ग्राम पंचायतों को उनके विकास मापदंडों के आधार पर ए, बी और सी श्रेणियों में विभाजित कर कार्यों का चयन किया जाएगा, जिसे 'पीएम गति शक्ति मिशन' के साथ एकीकृत कर क्रियान्वित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि इस मिशन के तहत चार मुख्य फोकस क्षेत्रों– जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन की घटनाओं से निपटने हेतु कार्यों को सम्मिलित किया गया है।

पीएम मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन सराहनीय: साहू

श्री साहू ने बताया कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का विजन अत्यंत सराहनीय है और हम सभी एकजुट होकर एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। जी-राम-जी अधिनियम के तहत अब ग्राम पंचायतों को उनके विकास मापदंडों के आधार पर ए, बी और सी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए अब ग्राम पंचायतों को 'पीएम गति शक्ति मिशन' से जोड़ा जा रहा है, जिससे विभिन्न लाइन विभागों के साथ मिलकर एकीकृत योजना के तहत कार्यों का चयन और निष्पादन सुनिश्चित होगा। हमारा लक्ष्य तकनीक और दूरदर्शिता के समन्वय से गाँव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना है।' कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर जिला पंचायत की सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा) अनुराधा शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा 'विकसित भारत जी-राम-जी मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में आय की सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

■ न्यूज गैलरी

स्काउट गाइड अध्यक्ष विवाद

सांसद अग्रवाल ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्काउट गाइड अध्यक्ष का विवाद गहराने लगा है। प्रशासनिक स्तर से यह मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अध्यक्ष पद से हटाए जाने को असंवैधानिक करार दिया है। बालोद जिले में 9 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी को लेकर विवाद गहराने लगा है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को भारत स्काउट गाइड की राज्य परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आयोजन को स्थगित करने की घोषणा कर दी है। जंबूरी को स्थगित करने की घोषणा के साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी है। दायर याचिका में सांसद अग्रवाल ने कहा है उनको पद से हटाया जाना असंवैधानिक है। सांसद ने अपनी याचिका में इस मामले की शीघ्र सुनवाई का आग्रह हाईकोर्ट से किया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बीच स्काउट गाइड के अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर विवाद शुरू हो गया है। दोनों अध्यक्ष होने का दावा कर रहे हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल का दावा है कि 10 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के कारण आयोजन को रद्द कर दिया गया है।

विरोध के बाद पुलिस पहुंची, प्रभावित परिवार पीएम आवास में शिफ्ट

40 से अधिक बेजा कब्जा मकानों पर निगम ने चलवाया बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में अरपा पार एसईसीएल के इंदिरा विहार कॉलोनी से सटे बंधवापारा बंसोड़ मोहल्ले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम अमले ने पुलिस की मौजूदगी में 40 से अधिक बेजा कब्जा वाले मकानों को ढहा दिया। इस दौरान नागरिकों ने कार्रवाई का विरोध भी किया।

नगर निगम का अमला सुबह 8 बजे ही बुलडोजर लेकर 90 मकानों को हटाने के लिए मौके पर पहुंच गया था, लेकिन पुलिस बल की अनुपस्थिति के कारण कार्रवाई शुरू नहीं हो पाई। नागरिकों ने मकान खाली करने के लिए 7 दिन की मोहलत मांगी। लगभग 9 बजे पुलिस के पहुंचने के बाद विरोध कम हो गया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। बिलासपुर स्मार्ट सिटी के मैनेजर एसपी साहू ने बताया कि मौके पर 87 लोगों ने स्थायी मकान बनाकर अतिक्रमण किया था। इस अतिक्रमण के कारण नाला और सड़क चौड़ीकरण का काम वर्षों से रुका हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि बारिश के मौसम में इस क्षेत्र में अक्सर जलभराव की स्थिति बन जाती है। बेजा कब्जा में बसे बंसोड़ मोहल्ले को खाली कराने के लिए निगम अमला कई महीने से तैयारी कर रहा था। सबसे पहले 66 हितग्राहियों से सहमति लेकर उन्हें मकान आवंटित किया गया। इसके बाद उन्हें सामग्री शिफ्ट करने के लिए काउ कैचर और कर्मचारी उपलब्ध कराए गए। पूरा बंसोड़ मोहल्ला खाली कराने में निगम अमले को दो दिन और लग सकते हैं। बेजा कब्जा हटाने के निगम प्रशासन ने रिक्त होने वाली करीब 2 एकड़ भूमि में उद्यान, नाला और सड़क चौड़ीकरण का कार्य करने की योजना बनाई है। ईई साहू के मुताबिक अब इसका इस्टीमेट तैयार किया जाएगा। साहू ने जानकारी दी कि 66 परिवारों को मकान खाली कराने और उन्हें इमलीभाठा स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घरों में स्थानांतरित करने पर पहले ही सहमति बन चुकी थी। आज जिन 40 परिवारों को इमलीभाठा में शिफ्ट किया गया है, उन्हें मकान आवंटित किए जा चुके हैं। 66 लोगों ने मकान के पंजीकरण के लिए 5-5 हजार रुपये भी जमा करा दिए हैं।

कार्रवाई का लोगों ने किया विरोध

कार्रवाई शुरू होते ही कुछ लोगों ने अपने घरों को बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सामान शिफ्ट करने के लिए कुछ और दिन का समय मांगा, लेकिन जोन कमिश्नर विभा सिंह, सब इंजीनियर जुगल सिंह और वर्षा साहू सहित अन्य अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को सितंबर से अब तक तीन बार नोटिस और कई बार मोहलत दी जा चुकी थी।

पहाड़ी कोरवा परिवारों को नि:शुल्क रूफटॉप सोलर प्लांट की पहल

■ **आवास-बिजली नि:शुल्क, योजनाओं के अभिसरण से देश में ऐसा पहला कार्य**

बिलासपुर/कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अत्यंत पिछड़ी जनजाति परिवारों को आवास की सुविधा देने के साथ उनके घरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए देश में पहली बार एक नई पहल की है। इस पहल के तहत कोरबा जिले के अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम गुडरूमुड़ा में 8 पहाड़ी कोरवा परिवारों को सौर ऊर्जा की सौगात मिल रही है। यह एक ऐसी पहल है जिससे न सिर्फ प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को सार्थक किया गया है बल्कि विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को घरेलू बिजली नि:शुल्क मिलने देने का एक स्थायी रास्ता भी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किये हैं। केन्द्र की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा भी रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत अत्यंत पिछड़ी जनजाति के परिवारों को ग्रिड के माध्यम से बिजली प्रदाय का लक्ष्य भी रखा गया है जिससे उन्हें निरंतर बिजली प्रदाय का लाभ मिल सके।

हमारा जीवन संवर जाएगा: मंगलू राम

योजना के हितग्राही मंगलू राम, गीता बाई, संतोषी बाई, घसिया, सुकमत का परिवार बहुत खुश है कि उसे अब निरन्तर बिजली मिलेगी और बिजली का बिल भी नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम लोग मजदूर हैं। हमें नहीं पता था कि कैसे लाभ मिलेगा? विद्युत कंपनी के लोगों ने ही आवेदन करने से लेकर हर काम में हमारी मदद की। और गुडरूमुड़ा को एक अलग पहचान दिला दी है।

जनहित की व्यापक सोच: डॉ. रोहित यादव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की व्यापक सोच में हमें योजनाओं के अभिसरण का मार्ग प्रशस्त किया। परिणाम सामने है कि जहां चाह हो, वहां राह होती है। पहाड़ी कोरवा परिवारों को इस योजना से बहुत लाभ मिलेगा। साथ ही उनके जैसे जीवनस्तर वाले अन्य परिवारों को लाभान्वित करने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

बड़ी सोच का नतीजा: भीम सिंह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर भीम सिंह ने कहा कि हमारे अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव रास्ता निकालना चाहते थे कि आखिर बहुत जरूरतमंद परिवारों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ कैसे दिलाएं।प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, डीएमएफ में समन्वय से वह रास्ता मिल गया और अत्यंत पिछड़ी जनजातियों के घर ग्रिड आधारित सोलर पॉवर से जोड़ कर हमने देश में एक अलग मिसाल कायम कर दी है। फिलहाल तो यह एक पायलट प्रोजेक्ट है लेकिन इसकी सफलता हमारे राज्य को नहीं बल्कि पूरे देश को नया रास्ता दिखाएगी।

एसईसीएल और सत्य साईं ट्रस्ट की साझेदारी से नवा रायपुर में बनेगा हेल्थकेयर स्किल डेवलपमेंट सेंटर

■ **35.04 करोड़ की लागत से स्थापित होगा अत्याधुनिक प्रशिक्षण संस्थान**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोल बेल्ट में स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगारपरक कौशल विकास को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिनांक 07 जनवरी 2026 को हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में 35.04 करोड़ की लागत से एक आधुनिक हेल्थकेयर स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना एसईसीएल की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत संचालित होगी। यह संस्थान सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को निःशुल्क और रोजगारोन्मुख स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यहां नर्सिंग असिस्टेंट, मेडिकल टेक्नीशियन तथा अन्य सहयोगी स्वास्थ्य क्षेत्रों में कौशल विकास किया जाएगा, जिससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण और कोयला प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। प्रस्तावित परिसर में शैक्षणिक भवन, छात्रावास, स्टाफ आवास एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनाएं विकसित की जाएंगी। एसईसीएल के परिचालन जिलों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अगले 25 वर्षों तक प्रतिवर्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में से कम से कम 20 प्रतिशत सीटें इन्हीं जिलों के लिए आरक्षित रहेंगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकेगा। यह एमओयू एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौते पर एसईसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सीएम वर्मा तथा श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक नारायण गौर ने हस्ताक्षर किए। एसईसीएल और श्री सत्य साईं ट्रस्ट पहले से ही 'एसईसीएल की धड़कन' स्वास्थ्य पहल के अंतर्गत साझेदारी कर रहे हैं, जिसके तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की निःशुल्क सर्जरी कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 180 से अधिक सफल जीवनरक्षक सर्जरी की जा चुकी हैं, जिससे कोयला क्षेत्रों के कई जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, अधोसंरचना और सामुदायिक कल्याण के लिए अब तक 850 करोड़ से अधिक की राशि सीएसआर के तहत व्यय की है।

तमनार की घटना पर हाईकोर्ट नाराज, महाधिवक्ता से मांगी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। तमनार में हुई घटना को लेकर हाईकोर्ट की नाराजगी सामने आई है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में इसी तरह के मामले की सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के बीच में चीफ जस्टिस ने तमनार की घटना का उल्लेख करते हुए इस पर चिंता भी व्यक्त किया और नाराजगी भी जताई। साथ ही महाधिवक्ता को तलब कर शासन का जवाब मांगा है। अभनपुर के एक मामले को लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच में सुनवाई हो रही थी। राजधानी रायपुर के एक थाना क्षेत्र में टोनहा और तांत्रिक होने के आरोप में निर्वस्त्र करके घुमाने के मामले में एफआईआर हुई थी। मामले में पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की तल्खी तमनार मामले को लेकर भी सामने आई। तमनार में भी महिला आरक्षक पर हमला करने और वर्दी फाड़ने के मामले में मुख्य आरोपी का पुलिस ने सड़क पर अंडर वियर और फटे बनियान में लिपस्टिक पोतकर जुलूस निकाला था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने तल्खी के साथ उक्त मामले में नाराजगी जताई और शासन की ओर से खड़े अधिवक्ता को कहा कि इस मामले में सरकार का पक्ष रखने के लिए महाधिवक्ता को तलब किया जाए। रायगढ़ जिले के तमनार में जिंदल इंडस्ट्री के कोल ब्लॉक खदान के आबंटन के खिलाफ ग्रामीण धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

बेहतर शिक्षा के लिए 250 बच्चों को किया गया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के द्वारा गुरुवार को बिलासपुर स्थित प्रार्थना सभा भवन में अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत एक दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उनके भीतर आत्मविश्वास का संचार करना रहा।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय और आशा की स्कूलों से चयनित लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह

आयोग के सदस्यों और अतिथियों ने बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि अल्पसंख्यक आयोग पिछले दो वर्षों से लगातार इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, जिससे छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है।समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे पढ़ाई को लेकर अधिक गंभीर होते हैं। वहीं विद्यार्थियों ने भी सम्मान पाकर खुशी जताई और आगे कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया।आयोजनकर्ताओं का कहना था कि प्रतिभा सम्मान जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को शैक्षणिक उन्नति के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें बेहतर शिक्षा ग्रहण करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी प्रभावी भूमिका निभाते हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्थाओं से किसान परेशान

■ **कांग्रेस नेता विजय के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में आ रही गंभीर समस्याओं को लेकर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेता विजय केशवानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए धान खरीदी व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन और कलेक्ट्रेट घेराव के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि जिले में धान खरीदी समितियों के माध्यम से की जा रही है, लेकिन समितियों की सीमित क्षमता और प्रतिदिन तय की गई खरीदी लिमिट किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। टोकन कटने के बावजूद कई समितियों में धान की खरीदी नहीं हो पा रही है। किसान सुबह से शाम तक समिति परिसरों में अपने धान बेचने के इंतजार में बैठे रहते हैं, लेकिन शाम को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि उस दिन की खरीदी की लिमिट पूरी हो चुकी है।

उपलब्धि

रेलवे ने ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने व संरचनात्मक सुधार के क्षेत्र में किए उल्लेखनीय कार्य

रेल परिचालन को सुदृढ़ बनाने, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं व ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना उद्देश्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के विद्युत (सामान्य सेवाएँ) विभाग द्वारा वर्ष 2025 के दौरान रेल परिचालन को सुदृढ़ बनाने, यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने तथा संरचनात्मक सुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गई हैं। इन सभी कार्यों का उद्देश्य निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, यात्री सुविधा में वृद्धि एवं रेलवे परिसरों के आधुनिकीकरण को सुनिश्चित करना रहा है।

रेलवे परिसरों में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु रनिंग रूम, बिलासपुर में 33 केवी उपकेंद्र पर नया 250 केवीए डीजी सेट स्थापित एवं कमीशन किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रीन बिल्डिंग कार्यालय, बिलासपुर में अतिरिक्त 250 केवीए किर्लोस्कर मेक डीजी सेट, सीनियर डीईएन कार्यालय बिलासपुर, पुराने निर्माण कार्यालय बिलासपुर, आरआरबी, बिलासपुर एवं उसलापुर स्टेशन पर 250 केवीए डीजी सेट स्थापित कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। 33 केवी रिसीविंग उपकेंद्र में 33 केवी के 03 नए कंट्रोल पैनल स्थापित किए गए। शहडोल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु 16 मीटर ऊँचाई का 01 नया हाई मास्ट स्थापित किया गया। 2572 पुराने पारंपरिक पंखों के स्थान पर नए ऊर्जा दक्ष बीएलडीसी पंखे लगाए गए। बिलासपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कुल 11,027 मीटर एलटी केबल बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया। 400 एंपियर के 03 नए एलटी पैनल तथा 800 एंपियर के 05 नए एलटी पैनल विभिन्न उपकेंद्रों एवं रेलवे अस्पताल में स्थापित किए गए।

सिस्टम में सुधार व यात्री सुविधा विस्तार

यात्रियों एवं रेलवे स्टाफ की सुविधा बढ़ाने हेतु रायगढ़ स्टेशन पर 02 नई लिफ्ट तथा चांपा स्टेशन पर 02 नई लिफ्ट स्थापित एवं कमीशन की गईं। मंडल के विभिन्न स्टेशनों के प्रतीक्षालय, रनिंग रूम, बुकिंग कार्यालय, वीआईपी रूम, टीटी रेस्ट रूम एवं पीआरएस कार्यालयों में 19 नई 2 टन क्षमता की एसी मशीनें तथा 02 नई 1.5 टन क्षमता की एसी मशीनें स्थापित की गईं।

सुविचार

कच्चे मकान देखकर किसी से रिश्ता मत तोड़ना क्योंकि मिट्टी की पकड़ मजबूत होती है, संगमरमर पर तो अक्सर पैर फिसल जाया करते हैं।

महाराष्ट्र : निकाय चुनाव में टूटा गठबंधन

महाराष्ट्र में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में महाअघाड़ी और महायुति दोनों ही गठबंधन में टूट हो रही है। खासतौर पर मुंबई महानगरपालिका चुनाव में तो इन दोनों ही गठबंधनों में शामिल पार्टियां कई सीटों पर आमने सामने आ गई है। गौरतलब है कि बीएमसी का चुनाव भाजपा और शिवसेना यूबीटी के लिए नाक की लड़ाई बन गया है। बीएमसी में पिछले पच्चीस सालों से शिवसेना का कब्जा रहा है। किन्तु अब शिवसेना टूट गई है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना यूबीटी को एकनाथ सिंदे पाली शिवसेना से कड़ी चुनौती मिल रही है। उल्लेखनीय है कि बीएमसी जिसका बजट 84 हजार करोड़ रूपये का होता है और यह न सिर्फ भारत बल्कि पूरे एशिया का सबसे अमीर नगर निगम माना जाता है। इसलिए शिवसेना यूबीटी इस पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रही है। शिवसेना यूबीटी ने राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठजोड़ कर लिया है। अब यह दोनों पार्टियां मिलकर बीएमसी की सभी 227 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। जबकि कांग्रेस ने महाअघाड़ी से किनारा कर लिया है। उद्धव ठाकरे के साथ राज ठाकरे के आ जाने से कांग्रेस को घोर आपत्ति है इसलिए उसने कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर नया गठबंधन बना लिया है। महाअघाड़ी में शामिल शरत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी अपनी अलग राह चुन ली है और शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार से पुराने मतभेद भुलाते हुए कई सीटों पर उनके साथ समझौता कर लिया है। महाअघाड़ी की तरह ही महायुति में भी बिखराव की स्थिति बन गई है जहां अजीत पवार ने अपने चाचा शरद पवार के साथ कई सीटों पर तालमेल कर लिया है। वहीं भाजपा और एकनाथ शिदें की नेतृत्व वाली शिवसेना भी कई सीटों पर आमने सामने आ गई हैं। कुल मिलाकर नगरीय निकाय चुनाव में दोनों ही गठबंधनों में फूट पड़ गई है। नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण में नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति गठबंधन में तीन चौथाई से ज्यादा नगरीय निकायों पर कब्जा किया था इसलिए अब मुंबई महानगरपालिका सहित अन्य नगरनिगमों में वर्चास्व की लड़ाई तेज हो गई है। खासतौर पर बीएमसी में कब्जा करने के लिए दोनों ही गठबंधनों ने कमर कस ली है। दोनो की नजर 35 प्रतिशत मराठी वोटरों और 20 प्रतिशत मुस्लिम वोटरों पर है। जिसे अपने पक्ष में करने के लिए ही इन दोनों गठबंधनों में शामिल पार्टियां विरोधी दलों के साथ ही हाथ मिला रही हैं। मुस्लिम वोटों को हथियाने के लिए समाजवादी पार्टी भी अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। वहीं असदुद्दीन ओवैसी भी बीएमसी चुनाव में ताल ठोकने जा रहे हैं। जिसकी वजह से बीएमसी चुनाव में इस बार रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। 13 करोड़ आबादी वाले मुंबई के लोग इस बार बीएमसी में शिवसेना यूबीटी का कब्जा बरकरार रखते हैं। या महायुति को मौका देते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा।

बंग्लादेश को बीसीसीआई की दो टूक चेतावनी

आईपीएल से एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को बाहर किये जाने से नाराज होकर बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बीसीसीआइ को पत्र लिखकर भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इंकार कर दिया था। उसने कहा था कि टी-20 वर्ल्ड कप के मैच जिसमें बांग्लादेश को खेलना है वे भारत से बाहर कराये जायें। बांग्लादेश ने सोचा था कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैच खेलने से इंकार कर दिया था तो पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत और पकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच दुबई में कराये थे। उसी तरह उसकी मांग पर बीसीसीआई भी बांग्लादेश के मैच अन्य देश में कराने के लिए तैयार हो जाएगा। किन्तु बीसीसीआई ने इससे स्पष्ट इंकार कर दिया और दो टूक शब्दों में बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कहा है कि यदि उसे टी-20 वर्ल्ड कप में खेलना है तो भारत में आकर ही मैच खेलना होगा। अन्यथा उसके अंक काट दिये जाएंगे। बीसीसीआई की इस चेतावनी के बाद अब बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पशोपेश में पड़ गया है कि वह भारत में मैच खेले या नहीं। यदि वह मैच नहीं खेलता है तो निश्चित रूप से अंक तालिका में वह पिछड़ जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि बांग्लादेश अपनी हटधर्मिता छोड़कर भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने को राजी हो जाएगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ अपनी दृष्टि से सब देखते हैं लेकिन गुरु दृष्टि से जिन लोगों ने देखा उनके भाव देखो, उनका आनंद देखो, उनकी मस्ती देखो; उसी दृष्टि में देखो और संपूर्ण श्रद्धा रखो, संपूर्ण निष्ठा रखो, पूर्ण विश्वासकृ।

◆ जीव से मिलकर परमात्मा कभी जीव की तरह नहीं होता, सदा जीव ही परमात्मा की भांति हो जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1873-नेपोलियन तृतीय का निधन। 1915- दक्षिण अफ्रीका से वापसी के बाद महात्मा गांधी मुम्बई पहुंचे। 1927- पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन शुरू करने वाले सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म। 1934-अपनी आवाज के जादू से लाखों दिलों पर राज करने वाले पार्श्वगायक महेंद्र कपूर का जन्म। 1963- देश में स्वर्ण नियंत्रण उपायों की घोषणा। 1972- इस बात का ऐलान किया गया कि वर्ष 1971 में फीचर फिल्मों के निर्माण के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर रहा। इस अवधि में यहां कुल 433 फीचर फिल्मों का निर्माण हुआ। 1982- भारत का पहला वैज्ञानिक अभियान दल अंटार्कटिका पहुंचा। 2001- बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर। 2008- श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के नियंत्रण वाले इलाके को अपने कब्जे में लिया। 2011- ईरान एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त, 77 लोगों की मौत। 2012- लिओनेल मेसी ने लगातार दूसरे वर्ष फीफा का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का खिताब अपने नाम किया।

'लाडो अभियान' का एक दशक

राजीव खंडेलवाल

18 लाख से अधिक जनसंख्या व 3:50 लाख से अधिक परिवार वाले जिले में यह संख्या और द्रुत गति से बढ़नी चाहिए दीया तले अंधेरा नहीं होना चाहिए। यह एक अत्यंत सरल, कम खर्चीली, किंतु गहन सामाजिक परिवर्तन लाने वाली पहल है। प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है कि- हर घर के सामने बेटी या महिला के नाम की नेम प्लेट लगाकर हम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी निभाएंगे बल्कि एक मौन क्रांति का हिस्सा भी बनेंगे। विवाह के बाद घर आने वाली बहू को भी फ्रघर की बेटीफ्र मानते हुए उसका नाम सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किया जाए। इससे न केवल नई बहू को सामाजिक स्वीकृति मिलेगी, बल्कि उसके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी– जो परिवार और समाज दोनों के लिए हितकारी सिद्ध होगी। तेजी से पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ते समाज और कमजोर होते संयुक्त हिंदू परिवार की पृष्ठभूमि में, लाडो अभियान परिवार और सामाजिक मूल्यों को सहेजने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

पुरुष-प्रधान समाज में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार दिलाने के लिए उन्हें सदियों से संघर्ष करना पड़ा है। भारत की सामाजिक, जातीय संरचना, अशिक्षा और परंपरागत सोच के कारण यह संघर्ष और भी कठिन रहा है। यद्यपि समय के साथ महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और अधिकारों की इस लड़ाई में कई सफलताएँ भी प्राप्त की हैं, फिर भी यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि तथाकथित सभ्य समाज आज भी महिलाओं को उस मुकाम तक नहीं पहुँचा सका है, जिनकी वे प्राकृतिक स्वाभाविक रूप से जन्म सिद्ध अधिकारिणी हैं।

''लाडो अभियान'' की अवधारणा।

पुरुष की पहचान से पहचाने जाने वाले समाज में बैतूल के निवासी, समाजसेवी एवं एक साधारण पान की दुकान चलाने वाले अनिल यादव (पहलवान) ने एक असाधारण और साहसिक विचार को जन्म दिया–

"समाज की पहचान पुरुष से नहीं, महिला से हो।" इस नहीं अभिनव सोच ने समाज की जड़ जमाई हुई सोच को झकझोरने का साहसिक कार्य किया। अनिल ने समाज के सामने यह मूल सोच रखी कि जब घर की धूरी महिला है, तो पहचान सिर्फ पुरुष के नाम से ही क्यों?

इसी सोच के साथ उन्होंने "घर की पहचान बेटी के नाम" अभियान की शुरुआत की, जिसे स्नेहपूर्वक "लाडो अभियान" नाम दिया गया।

इस अभियान का शुभारंभ 8 नवंबर 2015, उनकी बेटी आयुषी यादव के जन्मदिन से हुआ।

आज यह अभियान अपने 10 वर्ष (3650 दिन) पूर्ण कर चुका है।

"स्थानीय पहल से राष्ट्रीय-वैश्विक पहचान तक"

आदिवासी बहुल बैतूल जिले से शुरू हुआ यह अभियान आज– देश के 28 राज्यों तक पहुँच चुका है। मध्य प्रदेश के 27 जिलों में सक्रिय है।

अकेले बैतूल जिले के 135 गाँवों में

अब तक 3900 से अधिक बेटियों के नाम की नेम प्लेट घरों पर लगाई जा चुकी हैं।

यह केवल नेम प्लेट लगाने का कार्य नहीं, बल्कि समाज की सोच का चेहरा बदलने का प्रयास है। यह अभियान आज बेटियों को सामाजिक पहचान, सम्मान और स्वाभिमान देने का प्रतीक बन चुका है।

गर्व की बात है कि यह अभियान अमेरिका, दुबई और लंदन तक भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

"संघर्ष'' का पर्याय - अनिल यादव।"

कहावत है जो खुद पर लागू करें वही दूसरों को समझ सकता है। कोई भी सामाजिक आंदोलन तभी सफल होता है,

जब उसका प्रारंभ स्वयं से किया जाए।

अनिल यादव ने इस सिद्धांत को अपने जीवन में उतारते हुए अभियान की शुरुआत अपने घर से की। रास्ता आसान नहीं था

असंख्य उपहास, शंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। न तो कदम रोके, न हो हौसले टूटने दिए और निरंतर आगे बढ़ते रहे। यह अभियान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ योजना के उद्देश्य को जमीनी स्तर पर घर-घर तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन गया।

10 वर्षों का अनुभव और सामाजिक प्रभाव व परिवर्तन।

जब अनिल यादव से पूछा गया कि इस दस वर्षीय यात्रा में उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने बताया-

किसी ने कहा, "इससे क्या बदलेगा?" इससे क्या फर्क पड़ेगा?

किसी ने आशंका जताई कि "बेटियों के नाम से लोग पुकारेंगे तो असहजता होगी।"

किसी ने इसे समय की बर्बादी बताया। यह ऊंट के मुंह में जीरा है। लेकिन दृढ़ निश्चय और अटूट विश्वास के साथ उन्होंने इन सभी बातों को नजरअंदाज किया। समय नहीं है सिद्ध कर दिया या मुहिम रेट पर पानी नहीं बल्कि पत्थर पर लकीर साबित हुई।

परिणाम आज सबके सामने है—

समाज में बेटियों को सम्मान और बराबरी का दर्जा मिलने लगा है। समाज में बेटियों को आंख उठाकर देखने का अवसर मिल रहा है।

घरों पर दादा या पिता के स्थान पर बेटी व महिलाओं के नाम की नेम प्लेट लगने लगी है। प्रतिष्ठानों के नाम बेटियों के नाम पर रखे जाने लगे हैं। बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाने की परंपरा बढ़ी है। माता-पिता बेटियों के भविष्य को लेकर अधिक सजग और सकारात्मक हुए हैं।

इस अभियान की सफलता में लाडो फाउंडेशन, बेटियों के माता-पिता तथा मीडिया एवं पत्रकार बंधुओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जो निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं।

एक अपील।

इस अवसर पर खासकर बैतूल जिले के नागरिकों से एक विशेष अपील जरूर इसलिए भी करना चाहता हू कि यह बिल्कुल ही मौलिक, अभिनव योजना है जिसे बैतूल का नाम सिर्फ जिले, प्रदेश या देश में ही नहीं बल्कि विश्व में भी किया है।अब तक लगी 3590 नेम प्लेटों में से लगभग 2000 बैतूल जिले में हैं।

18 लाख से अधिक जनसंख्या व 3:50 लाख से अधिक परिवार वाले जिले में यह संख्या और द्रुत गति से बढ़नी चाहिए–

"दीया तले अंधेरा" नहीं होना चाहिए।

यह एक अत्यंत सरल, कम खर्चीली, किंतु गहन सामाजिक परिवर्तन लाने वाली पहल है।

प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है कि–

हर घर के सामने बेटी या महिला के नाम की नेम प्लेट लगाकर हम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी निभाएंगे बल्कि एक मौन क्रांति का हिस्सा भी बनेंगे।

विवाह के बाद घर आने वाली बहू को भी "घर की बेटी" मानते हुए उसका नाम सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किया जाए। इससे न केवल नई बहू को सामाजिक स्वीकृति मिलेगी, बल्कि उसके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी–जो परिवार और समाज दोनों के लिए हितकारी सिद्ध होगी।

तेजी से पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ते समाज और कमजोर होते संयुक्त हिंदू परिवार की पृष्ठभूमि में, "लाडो अभियान" परिवार और सामाजिक मूल्यों को सहेजने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

आर्थिक मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ता भारत

डॉ. ओपी त्रिपाठी

यह वित्त वर्ष 2024-25 के 6.5 फीसदी के अनुमान से अधिक है। इससे साफसंकेत मिलते हैं कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक गति बनी हुई है और आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है। एनएसओ के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसका अनंतिम अनुमान 187.97 लाख करोड़ रुपये था। यह इशारा करता है कि अर्थव्यवस्था का आकार लगातार बढ़ रहा है। वहीं, नॉमिनल जीडीपी की बात करें, तो इसमें 8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की राह पर आगे बढ़ती नजर आ रही है। यदि 1990 के दशक में कोई कहता कि भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ सकती है, तो कोई भी उद्योगपति या अर्थशास्त्री इसे स्वीकार नहीं करता। तब जापान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और भारत बहुत पीछे था। भारत ने अर्थव्यवस्था को खोलने और आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत ही की थी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। आज भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसने जापान को पीछे कर दिया है।

भारत सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में कामगार आबादी 1 अरब होगी। फिलहाल भारत की कुल आबादी 1.47 अरब को पार कर चुकी है। राजनेता अपने आंकड़े सुधार लें। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और कई विख्यात रेटिंग एजेंसियां 2025-26 (31 मार्च, 2026 तक) वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर औसतन 7 फीसदी आंक रही हैं। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन इससे भी अधिक विकास दर को लेकर आशान्वित हैं। यकीनन भारत बदल रहा है और आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ तीसरे स्थान पर है। यकीनन भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है। ऐसी अनुकूल स्थिति के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष नौकरशाहों को यह सलाह क्यों दी है कि 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित किए जाएं। प्रधानमंत्री देश की बढ़ती आर्थिक ताकत के रास्ते में किसी भी नियम, कानून और प्रक्रिया को रोड़ा बनने के पक्षधर नहीं हैं। साफ है कि प्रधानमंत्री सुधारों को गति देना चाहते हैं। फालतू के नियम, कानून, प्रतिबंध और प्रक्रियाओं को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि जिंदगी और व्यापार करना आसान हो

सके। इसी बिंदु पर भारत जापान से बहुत अलग है। 2004 को याद करें, जब एक अनुबंध या ठेका प्राप्त करने में औसतन 425 दिन लगते थे। करीब 40 प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। दिवालियापन के समाधान की प्रक्रिया आराम से 10 साल तक चलती थी। नीति आयोग ने 2017 की अपनी रपट में स्वीकार किया था कि भारत में एक दुकान स्थापित करने में औसतन 118 दिन लगते थे। असम में यह अवधि 248 दिन तक फैल जाती थी। बेशक आज स्थितियां तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं 'शासन' न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों। बेशक उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। अब भारत ऐसा देश है, जिसमें 2025 में 1.95 लाख करोड़ रुपए के आईपीओ आए और डीमैट खातों की संख्या 21 करोड़ के पार चली गई। अभी तक 1350 स्टार्टअप में 25,320 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। आज भारत 159 प्रकार के गोला-बारूद, गोलियां, रॉकेट आदि का उत्पादन देश में ही कर रहा है। रक्षा-क्षेत्र करीब 91 फीसदी आत्मनिर्भर हो चुका है। 'मेक इन इंडिया' उत्पादों में ब्रह्मोस और पिनाका मिसाइलों की मांग बढ़ रही है। 2029 तक भारत ने 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा-निर्यात का लक्ष्य तय किया है। आधा तो हम हासिल कर चुके हैं। बहरहाल संसद में बजट पेश करते हुए राजकोषीय घाटे का जो लक्ष्य तय किया गया था, वह नियंत्रण में है। मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी तक गिर गई है। चालू खाते का घाटा दोगुना हो सकता है, लेकिन यह जीडीपी के 1.2 फीसदी तक ही रहेगा, जो एक सहज स्थिति है। यह हमारी आर्थिक और बाजारी ताकत है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन जैसी विख्यात बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में 67.5 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणाएं की हैं। इस निवेश का खास फोकस कृत्रिम बौद्धिकता (एआई), आधारभूत ढांचे पर है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से बुधवार को जारी किए गए पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यकीनन मैं वही

यकीनन मैं वही सुनता हूँ जो आप सुनाते रहे, क्योंकि... मैं कान का बहरा नही। मैं वही देखता हूँ जो आप दिखाते रहे, क्योंकि... मैं आँखों का अँधा नहीं। मैं वही बोलता हूँ जो आप समझाते रहे, क्योंकि... मैं ज़ुबान से गूँगा भी नहीं। मुझमें कुछ खास है और वो यह कि ना मैं आँख हूँ, ना कान, ना जुबान हूँ। मैं हूं ही नहीं, कहीं भी नहीं, कोई गिनती ही नहीं। मैं उन अनगिनत लोगों का हिस्सा हूँजो है ही नहीं... उन अनगिनत लोगों का किस्सा हूँ जो कभी थे ही नहीं... – **राकेश मिश्रा**

हुस्न से गर



हुस्न से गर मिला नहीं होता, तो मेरा सर झुका नहीं होता। भ्रष्ट लोगों को पैसा दूं या न दूं, मुझसे ये फ़ैसला नहीं होता। आसमां की न होती चाहत तो, धरती का ग़म बढ़ा नहीं होता। कश्ती मजबूत होती दिल की तो, लहरों से मैं डरा नहीं होता। धोखा उसका मैं गर पकड़ लेता सामने वो खड़ा नहीं होता। इक दफ़ा माफ़ी मांग लेती वो तो, मैं कभी भी जुदा नहीं होता। दानी ईश्वर को मानने वाला, क्या कभी बेवफ़ा नहीं होता।

– **संजय दानी**

सोचा एक ख़त तेरे नाम लिखूँ प्यार

सोचा एक ख़त तेरे नाम लिखूँ प्यार लिखूँ या कोई पैगाम लिखूँ या लिख दूँ वो यादें वो तन्हइयाँ या अधूरे वो सारे ख्वाब लिखूँ या दिल के उफ़नते ज़ज्बात लिखूँ वो उदास -उदास सी शाम लिखूँ या वो तन्हा- तन्हा रात लिखूँ सोचती रह गयी क्या लिखूँ या बस कोरे कागज पर बस एक तेरा ही नाम लिखूँ एक कोरा पन्ना तेरे ही नाम.... – **डेज़ी जयसवाल**

एक जुस्तजू है मेरे भीतर जुनून की इन्तहा



एक जुस्तजू है मेरे भीतर जुनून की इन्तहा तलक़ मेरे भीतर गहराते सन्नाटे को क्यों तुम परिभाषित नहीं कर पाते मैं मन से आज भी प्रेम जोगन वही बावरी हूँ जिसका प्रेम शापित हो गया है। कौन से पारदर्शी अवरुद्ध घेरे हैं तुम को जो तुम्हारे भीतर की रिक्तता को सिमटने नहीं दे रहे...देखो ना मेरे जुनून की इन्तहा को अंज़ाम ए वस्ल नहीं मिल रहा ।। – **रश्मि अभय**

सबसे बड़ा व्यापारी हर आदमी जो है

सबसे बड़ा व्यापारी हर आदमी जो है दरबारी सबसे बड़ा बुद्धिमान जिसे हो हकमारी का ज्ञान आज का सबसे बड़ा टंटा न जाने क्यों बज रहा है हर तरफ़ घंटा सबसे बड़ा भगत बगुला नहीं , वही जो है पैसे का भगत। – **रामकिशोर उपाध्याय**

मया होगे हे एक जोगिन संग कइसे बितही

मया होगे हे एक जोगिन संग कइसे बितही जिनगी बिच्छल पेंड़वा अउ डारा हे, जेमा बइठे हे वो फुनगी कइसे चढ़बे सरग निसैनी, थेगहा तो कुछू के नइए बस चकवा सहीं बीत जाही का ए जिनगी के खनगी – **सुशील भोले**

सबसे गहरी साधना ज़िम्मेदारी में मिले

सबसे गहरी साधना ज़िम्मेदारी में मिले किये गये कर्तव्य हैं अगर कर्तव्य निर्वहन में ईमानदारी नहीं तो सब विधिविधान साधनायें हो जाती हैं व्यर्थ और हो जाते हैं ईश्वर से असह दण्ड के भागी।।

– **मधुलिका शुक्ला**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार में बहस या माहौल में तनाव मन को परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अनावश्यक विवादों से दूर रहें। यात्रा संभव हो तो टाल दें।

वृषभ : आज कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। विरोधी शांत रहेंगे और सामाजिक रूप से सम्मान बढ़ेगा। हालांकि दोपहर के बाद किसी विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए संयम रखें।

मिथुन : दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। नई योजनाएं सफल होंगी, सरकारी कार्यों में लाभ मिलेगा। परिवार और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा संभव है और व्यापारियों के लिए समय शुभ रहेगा।

कर्क : मानसिक अस्थिरता महसूस हो सकती है। परिवार में मतभेद की स्थिति बन सकती है। खर्च अधिक रहेगा और विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में कम लग सकता है। धैर्य बनाए रखें।

सिंह : आत्मविश्वास रहेगा, लेकिन जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। बड़े फैसले सोच-समझकर लें। सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है, पर क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या : आज थकान और मानसिक तनाव रह सकता है। मित्रों या जीवनसाथी से मतभेद संभव हैं। धन खर्च बढ़ सकता है और कार्यस्थल पर सहयोग कम मिलेगा। धैर्य और संतुलन से काम लें।

तुला : आज लाभ की संभावनाएं मजबूत हैं। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। मित्रों के साथ समय बिताने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, हालांकि कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़ेगी।

वृश्चिक : भाग्य का साथ मिलेगा। कार्य आसानी से पूरे होंगे। पदोन्नति या सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में लाभ होगा और संतान पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है।

धनु : आज थकान और बेचैनी रह सकती है। यात्रा टालना लाभकारी रहेगा। संतान की चिंता हो सकती है। अधिकारियों से बातचीत में सावधानी रखें और विवाद से दूर रहें।

मकर : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। धन खर्च अधिक रहेगा। व्यापारिक साझेदारी में मतभेद संभव हैं। ऑफिस का माहौल अनुकूल नहीं रहेगा, इसलिए सावधानी से आगे बढ़ें।

कुंभ : आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। नए लोगों से मुलाकात लाभदायक हो सकती है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा और भागीदारी से लाभ संभव है। दिन रोमांच और उत्साह से भरा रह सकता है।

मीन : शुरुआत में चिंता और स्वास्थ्य समस्या परेशान कर सकती है। आकस्मिक खर्च भी संभव है।

QUIZ TIME

1) भारत के किस राज्य में गाँवों की संख्या सर्वाधिक है?

2) दृष्टिबाधितों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई?

3) युद्ध अनाथों का विश्व दिवस कब मनाया जाता है?

4) 2025 में किस भारतीय राज्य ने अब तक का सबसे ज्यादा अंगदान किया?

5) संगीत कलानिधि पुरस्कार 2026 किस वायलिन वादक को मिला?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तरप्रदेश , 106747 (2) उत्तरप्रदेश (3) 06 जनवरी (4) कर्नाटक (5) आर. के. श्रीरामकुमार

पहेली

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से मछुवारों की बदली आर्थिक स्थिति, लगातार बढ़ते जा रहा उत्पादन

❑ किसानों व मछुवारों की बदली आर्थिक तस्वीर, दो वर्षों में बदली मत्स्य क्षेत्र की तस्वीर

❑ बड़े पैमाने पर तालाब एवं संवर्धन पोखरों का निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य के सभी जिलो में मत्स्य क्रांति की मजबूत नींव रखी जा रही है। इस योजना के माध्यम से किसानों एवं मछुवा परिवारों के जीवन में उल्लेखनीय और सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आधुनिक तकनीकों को अपनाकर मत्स्योत्पादन क्षमता में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे आय एवं रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।

राजनांदगांव जिले में मत्स्य बीज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु 2 नवीन हेचरी का निर्माण किया गया है, जिससे जिला अब मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। इसके परिणामस्वरूप जिले में मछली बीज उत्पादन में 20 प्रतिशत तथा कुल मत्स्योत्पादन में 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर राजनांदगांव जिला

मत्स्य बीज उत्पादन एवं संवर्धन हेतु जिले में 3 प्रक्षेत्रों की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त किसानों की निजी भूमि में 148 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 590.166 लाख रुपये की लागत से नवीन तालाब एवं संवर्धन पोखरों का निर्माण किया गया है।

1500 मछुवारों को मिला प्रशिक्षण एवं संसाधन

मछली पालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी हेतु राजनांदगांव जिले के 1900 मछुवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके साथ ही मछुवा परिवारों को मछली बीज, जाल, आइस बॉक्स, मोटर साइकिल एवं पिकअप वाहन जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से मछुवारों को सस्ती एवं सुलभ ऋण सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

आधुनिक तकनीकों से बढ़ा मत्स्योत्पादन

योजना के अंतर्गत केज कल्चर, पॉण्ड बायोफ्लॉक एवं नवीन तालाब निर्माण को प्रोत्साहित किया गया है। जिले के खदानों एवं जलाशयों में 21 केज इकाईयाँ स्थापित कर मत्स्यपालन का कार्य किया जा रहा है, जिससे सीमित जल संसाधनों में भी अधिक उत्पादन संभव हो पाया है।

रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि

मत्स्य पालन से जिले में 2500 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। योजना के अंतर्गत 11 हजार 471 मछुवा हितग्राहियों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, 1900 हितग्राहियों को प्रशिक्षण, 450 हितग्राहियों को मछली जाल, आइस बॉक्स एवं मछली बीज प्रदान किया गया है। पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के मत्स्य क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। किसानों एवं मछुवारों की आय में वृद्धि, रोजगार के नए अवसर और मत्स्य उत्पादन में निरंतर बढ़ोतरी इस योजना की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

धान खरीदी नीति ने बदली किसानों की किस्मत पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान से खुशहाली

खुशहाली का नया दौर, सुव्यवस्थित खरीदी से किसानों को मिल रहा उचित मूल्य

❑ प किसानों की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी नीति ने किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लागू की गई यह नीति न केवल पारदर्शी और सुगम है, बल्कि किसानों को उनके पसीने की कमाई का पूरा हक दिला रही है। समर्थन मूल्य पर समयबद्ध भुगतान और आधुनिक व्यवस्था ने राज्य के लाखों किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई गति आई है।

ऑनलाइन टोकन और पारदर्शी प्रक्रिया से खत्म हुई परेशानियां

राज्य सरकार की पहल से धान खरीदी में क्रांति आ गई है। ऑनलाइन और समिति आधारित टोकन प्रणाली ने लंबी कतारों व अव्यवस्था का अंत कर दिया है। किसानों को अब न तो इंतजार करना पड़ता है और न ही कोई बिचौलिया हस्तक्षेप होता है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल रूप से निगरानी में रहती है, जो पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के किसान जोधन केंवट की सफलता इस नीति की जीती-जागती मिसाल है। उन्होंने अपनी लगभग 5 एकड़ भूमि पर उगाए धान को दो चरणों में कुल 99 क्विंटल उपार्जन केंद्र पेंड्रा में बेचा। जोधन ने खुशी से बताया कि पहले की तुलना में अब खरीदी प्रक्रिया कहीं अधिक बेहतर और आसान हो गई है। समिति के माध्यम से टोकन कटवाकर बिना किसी झंझट के धान बेच पाया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा घोषित 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की सीमा ने किसानों की चिंताओं को दूर कर दिया। जोधन केवट जैसे हजारों किसान अब अपनी उपज का पूरा मूल्य समय पर प्राप्त कर रहे हैं, जिससे उनके परिवारों में खुशहाली लौट आई है। यह व्यवस्था न केवल आर्थिक लाभ दे रही है, बल्कि किसानों में आत्मविश्वास भी भर रही है।

किसान हित में सरकार की प्रतिबद्धता, कृषि क्षेत्र में बढ़ा विश्वास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की यह नीति छत्तीसगढ़ के कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। किसानों को समय पर भुगतान मिलने से वे नई फसल के लिए बेहतर निवेश कर पा रहे हैं, जिससे उत्पादकता में वृद्धि हो रही है। राज्य भर के उपार्जन केंद्रों पर सुव्यवस्थित व्यवस्था ने ग्रामीणों का भरोसा जीत लिया है। जोधन केंवट ने कहा कि सरकार की इस किसान हितैषी नीति से हमारी तकदीर बदल गई है। अब हम बिना चिंता के खेती पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति राज्य को कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत बनाएगी। सरकार की यह सकारात्मक पहल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन रही है।

आवास-बुनियादी ढांचा विकास के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बुनियादी ढांचे के विकास और आवास निर्माण को गति देने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ शासन ने हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक साझेदारी राज्य के विकास लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख आवास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण सुरक्षित करना है। इस अवसर पर वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, विशेष सचिव श्री चन्दन कुमार, विशेष सचिव श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, उप सचिव श्री ऋषभ कुमार पाराशर व अवर सचिव श्री चंद्र प्रकाश पाण्डेय तथा हुडको से निदेशक वित्त श्री दलजीत सिंह खत्री व क्षेत्रीय प्रमुख हितेश बोराड मौजूदगी में सम्पन्न हुए। यह कार्यक्रम महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर में कल संपन्न हुआ। यह समझौता हुडको द्वारा राज्य शासन की विभिन्न विकास पहलों के लिए वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) का मुख्य उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ में प्रमुख आवास परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करना है। यह सहयोग मजबूत बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण और किफायती आवास की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर केंद्रित होगा। इससे सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने में योगदान मिलेगा। यह साझेदारी आधुनिकीकरण और सतत् विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जो हुडको की विशेषज्ञता और वित्तीय क्षमता का लाभ उठाकर परिवर्तनकारी परियोजनाओं को मूर्त रूप देने में मदद करेगी।

जनदर्शन में मांगे पूरी होने पर खिले चेहरे ट्राइसिकल, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र मिले

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को बैटरी ट्राइसिकल, व्हीलचेयर एवं श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री साय ने जनदर्शन में आरंग से आए श्री भारत साहू को बैटरी चालित ट्राइसिकल प्रदान किया, साहू ने बताया कि अब उन्हें कहीं आने-जाने के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। पहले किसी के समय मिलने पर ही वे बाहर जा पाते थे, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। बैटरी ट्राइसिकल मिलने से उनका जीवन अब कहीं अधिक सहज हो जाएगा। इसी तरह खमतराई रायपुर निवासी जीवन दास मानिकपुरी ने बताया कि उनका पैर बचपन से पोलियोग्रस्त है, आज उन्हें बैटरी ट्राइसिकल प्रदान की गई। श्री दास ने बताया कि जनदर्शन में उनकी समस्या का तत्काल समाधान हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनकी दैनिक दिनचर्या आसान हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने रायपुर के मोवा निवासी श्री चंदू यादव को ट्राइसिकल और सुश्री सुमन साहू को व्हीलचेयर प्रदान किया। जिसे पाकर दोनों के चेहरे खिल गए। जनदर्शन के दौरान रायपुर निवासी श्री सागर नायक एवं श्री उमेश पटेल को श्रवण यंत्र भी प्रदान किए गए।

पीएम आवास योजना के तहत 40454 आवास निर्माण की मिली स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास विहिन एवं कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास बनाने के लिए पात्र हितग्राहियों को 1 लाख 20 हजार रूपए एवं मनरेगा योजना से 90 मानव दिवस मजदूरी की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा जिले में विगत दो वर्ष में 40454 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30766 आवास स्वीकृत किए गए है। जिनमें से 23294 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा 7472 आवास प्रगतिरत है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 9688 आवास स्वीकृत किये गये है। जिसमें से 7026 हितग्राहियों को प्रथम किश्त प्रदाय किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में स्वीकृत हितग्राहियों के आवासों का समय-समय पर भूमि पूजन तथा पूर्ण हुए आवासों का हितग्राहियों के उपस्थिति में गृह प्रवेश कार्यक्रमों का आयोजन कर गृह प्रवेश कराया जा रहा है। जिले में नवाचार द्वारा एक दिवसीय अभियान का आयोजन करते हुए स्वीकृत हितग्राहियों को अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने, निर्माणाधीन आवास को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बिहान योजना से बदल रही जिंदगी, लखपति दीदी बनकर आगे बढ़ रहीं जिले की महिलाए

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मदद से कबीरधाम जिले की महिलाएँ आज आत्मनिर्भर बन रही हैं। वे अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि काम करके परिवार की आमदनी भी बढ़ा रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रही बिहान योजना ने महिलाओं के जीवन में एक नई रोशनी लाई है। इसी योजना से जुड़कर कई महिलाएँ आज लखपति दीदी बन चुकी हैं। कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड की जय सतनाम स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती हेमिन रात्रे और श्रीमती मीना रात्रे इसकी अच्छी मिसाल हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और विभागीय सहायता मिली। इसके बाद उन्होंने मछली पालन को अपने रोजगार का साधन बनाया। एनआरएलएम के सहयोग से सामुदायिक तालाब में वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन शुरू किया गया। सही देखरेख और समय पर भोजन देने से मछली उत्पादन बढ़ा। इससे मछली बेचकर उन्हें नियमित और अच्छी आमदनी होने लगी। अब वे घर के खर्च आसानी से चला पा रही हैं और बचत भी कर रही हैं। आज ये महिलाएँ लखपति दीदी बनकर जिले की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। मछली पालन से मिली आय ने उनकी आर्थिक स्थिति ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और समाज में सम्मान भी बढ़ाया है।

नाली में गंदगी डालने पर नैवेद्य फैक्ट्री पर 10 हजार का जुर्माना

गुजराती मिष्ठान भंडार को एसटीपी लगाने का नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग ने स्वच्छता से जुड़ी जनशिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने औचक निरीक्षण कर शिकायतों की वस्तुस्थिति की जांच की।

निरीक्षण के दौरान नैवेद्य फैक्ट्री द्वारा नगर निगम की नालियों में कचरा डालकर नाली बाधित करने की शिकायत सही पाई गई। नालियों के जाम होने से क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी। इस पर स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर फैक्ट्री संचालक पर तत्काल 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा स्वच्छता व्यवस्था तत्काल सुधारने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया।

इसी तरह जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत गुजराती मिष्ठान भंडार के औचक निरीक्षण के दौरान वहां एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) नहीं पाया गया। इस पर खाद्य दुकान संचालक को मिनी एसटीपी निर्माण करने का नोटिस जारी किया गया और नियमों के उल्लंघन पर 5 हजार रुपये का ई-जुर्माना वसूला गया।

कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर एवं मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना पंजीयन में प्रदेश में राजनांदगांव प्रथम

❑ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के इलाज के लिए सुरक्षा कवच

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं के उन्नयन हेतु निरंतर और प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन में राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी पात्र हितग्राहियों के घर-घर पहुँचकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य पूर्ण किया गया है। इस अभियान के माध्यम से कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त नि:शुल्क उपचार लाभ

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इससे बुजुर्गों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं।

आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी प्रदेश में अग्रणी

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन का लक्ष्य 9 लाख 52 हजार 546 के विरुद्ध 9 लाख 37 हजार 461 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है, जो कि 98.42 प्रतिशत उपलब्धि है। इस उपलब्धि के साथ आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड में शत-प्रतिशत से अधिक उपलब्धि

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 100.20 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। इसके साथ ही राजनांदगांव जिला राज्य का सर्वप्रथम शत-प्रतिशत पंजीयन पूर्ण करने वाला जिला बन गया है। जिले में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 हजार 138 पात्र वरिष्ठ नागरिकों में से 25 हजार 88 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सुरक्षा कवच

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क, कैशलेस एवं पेपरलेस उपचार सार्वजनिक एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना शासन की एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा पहल है, जो सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करती है।

■ न्यूज गैलरी

शासकीय शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में मनाया जा रहा चावल उत्सव

कोण्डागांव/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर प्रदेशभर की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में 02 जनवरी से 09 जनवरी तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को जिले के विकासखंड फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत चीचाड़ी, जैतपुरी, जामगांव, शंकरपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सलना, ग्राम पंचायत बालेंगा और ग्राम पंचायत तीतरवंद के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की उपस्थिति में चावल उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी हितग्राहियों को माह जनवरी का चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण किया गया। साथ ही हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया भी पूरी की गई। इस अवसर पर ग्राम के प्रमुखजन, सरपंच, पंच, कोटवार, पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सोड़े में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

अंतागढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत आमाबेड़ा के ग्राम सोड़े में विगत 22-23 वर्षों से निरंतर प्रत्येक वर्ष की भांति नए वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाली टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का इस वर्ष भी सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 02 जनवरी से 07 जनवरी तक किया गया, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार निर्धारित किए गए थे।समापन दिवस पर सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों के बाद गढ़ बंगाल जिला नारायणपुर एवं मेघा क्रिकेट क्लब सोड़े के बीच छह-छह ओवर का फाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में गढ़ बंगाल क्रिकेट टीम को विजेता घोषित किया गया।विजेता टीम को मुख्य अतिथि सुभद्रा सलाम (पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस) के द्वारा नकद 30,000 एवं शील्ड प्रदान की गई। वहीं मेजबान टीम मेघा क्रिकेट क्लब सोड़े ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसे जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर क्षेत्र के अनेक क्रिकेट प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर यादव द्वारा अंतागढ़ विधायक माननीय विक्रम देव उसेंडी की ओर से भेजी गई 10,000 की धनराशि सोड़े क्रिकेट क्लब समिति को भेंट की गई।

अन्नदाता हरभजन सिंह ने सरकार पर जताया भरोसा

कोरिया/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज जामपारा समिति में ग्राम डोहड़ा के किसान श्री हरभजन सिंह, पिता गजरू सिंह ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 1.35 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 70 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं और कर्ज भुगतान के लिए करेंगे। धान खरीदी में तकनीकी सुविधाओं के उपयोग से किसानों की प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और समय बचाने वाली हो गई है, जिसका लाभ उदयप्रसाद राजवाड़े जैसे अनेक किसान उठा रहे हैं। सरकार के निर्णयों पर विश्वास जताते हुए श्री हरभजन सिंह ने कहा-श्विष्णु देव साय सरकार किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरे देश में सबसे अधिक दाम पर धान खरीद रही है।

परिजनों और विधायक ने कलेक्टर बीजापुर के नाम सौंपा ज्ञापन

दो आदिवासी युवकों की गिरफ्तारी पर विधायक मंडावी ने लगाया सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

बीजापुर/नवप्रदेश। गुरुवार को भोपालपट्टम में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता कर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र में भाजपा नेता बिलाल खान के द्वारा दो आदिवासी युवकों की जबरन गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए आदिवासी युवकों की गिरफ्तारी को सत्ता का दुरुपयोग करार दिया है।

प्रेस वार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि घटना 5 जनवरी 2026 की है, जब भोपालपटनम थाना क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बिलाल खान से मिलने आए दो आदिवासी युवकों- संदीप तलाण्डी और आत्रम रमेश को मनगढ़ंत कहानी बनाकर हिरासत में लिया गया था और बाद में उन दोनों आदिवासी युवकों को थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ कर छोड़ दिया गया, फिर भाजपा के किसी बड़े नेता के कहने पर एक मनगढ़ंत कहानी लिख कर दोनों आदिवासी युवकों को जेल भेज दिया। विधायक विक्रम मंडावी ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता सत्ता के नशे में इतने चूर हो गए है कि अब निर्दोष आदिवासी युवकों को प्रताड़ित कर रहे हैं और उन्हें परेशान करने के लिए और प्रताड़ित करने के लिए दबाव बनाते हुए जेल भेज रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷भाजपा नेता सत्ता के अहंकार में आदिवासियों को जबरन जेल भेजने का काम कर रहे हैं। यह निर्दोष आदिवासियों पर अत्याचार है।÷ विधायक विक्रम मंडावी ने इस घटना को भाजपा नेताओं द्वारा आदिवासियों पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए घटना की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, दोनों युवकों की तत्काल रिहाई की मांग की है। इसके साथ ही पीड़ित परिवार के साथ विधायक विक्रम मंडावी ने कलेक्टर बीजापुर के नाम एसडीएम भोपालपटनम को ज्ञापन भी सौंपा है जिसमें इस षड्यंत्र में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,बसंत ताटी,कामेश्वर गौतम,सत्यम के जी,मनोज यालम,रमेश पामभोई,सुनील उद्दे,श्रीमती रिंकी कोरम,अशोक मडे,रवि बोरे,सवलम संटी,सुरेंद्र चापा,श्रीमती सरिता चापा,सुरेश सोढ़ी,अरुण वासम,पार्वती गौतम,मिच्चा समैया,बड़ी संख्या में कांग्रेसी पधाधिकारी और कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

आधार सैचुरेशन पर फोकस, बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट को सर्वोच्च प्राथमिकता

लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें आम नागरिकों को मिले सरल सुगम लाभ

■ **पिन कोड विसंगतियों के शीघ्र निराकरण के निर्देश**

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के प्रतिनिधि सौरभ रामटेक तथा सरगुजा संभाग समन्वयक (आधार एवं चिप्स रायपुर) रूबल पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, विनायक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी शामिल हुए।

जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में हैदराबाद से आए यूआईडीएआई प्रतिनिधि सौरभ रामटेक ने जानकारी दी कि सरगुजा संभाग में यह आधार निगरानी समिति की पहली बैठक है। बैठक के दौरान जिले में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की प्रगति, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा आम नागरिकों को आधार सेवाएं और अधिक सुगम, सरल एवं सुलभ बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

आधार से कोई भी नागरिक वंचित न रहे: कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि आधार आज लगभग सभी शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, बैंकिंग, पेंशन, शिक्षा एवं पहचान से जुड़ी एक अनिवार्य कड़ी बन चुका है, इसलिए जिले में किसी भी नागरिक को आधार के अभाव में किसी भी सुविधा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि जिले में अतिरिक्त आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि दूरस्थ, वनांचल एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी आसानी से आधार संबंधी सेवाएं प्राप्त हो सकें।

बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट को सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर ने आधार सैचुरेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए विशेष रूप से 05 से 07 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बायोमेट्रिक अद्यतन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का बायोमेट्रिक अब तक अपडेट नहीं हुआ है, उनका कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि 12वीं के बाद उच्च शिक्षा, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय सुविधाओं में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो।

पिन कोड विसंगतियों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि विकासखंड खड़गवां के ग्राम चित्ताझोर, केराडोल, चिरमिरी-एम-कार्प, कोरिया कॉलरी, केल्हापानी, विकासखंड मनेंद्रगढ़ के ग्राम झगराखांड तथा विकासखंड भरतपुर के ग्राम आरा में पिन कोड संबंधी विसंगतियां अभी भी बनी हुई हैं। कलेक्टर ने यूआईडीएआई के प्रतिनिधियों से इन ग्रामों के पिन कोड शीघ्र अपडेट कराने का आग्रह किया।

उपमुख्यमंत्री ने किया पुनर्वास केन्द्रों का दौरा, युवाओ से जाना कुशलक्षेम

बीजापुर/नवप्रदेश। राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर के अपने दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार सुबह पुनर्वास केंद्र का दौरा कर वहां पुनर्वासित युवक.युवतियों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ बैठकर सुबह का नाश्ता किया और उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए युवाओं से कहा कि वे अपने घर-परिवार से लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने बताया कि रविवार को बीजापुर के साप्ताहिक बाजार में उनके परिजन आते हैंए ऐसे में वे पुनर्वास केंद्र में आकर उनसे मुलाकात करें। इसके साथ ही मोबाइल के माध्यम से भी नियमित रूप से घरवालों से बातचीत कर हालचाल लेते रहें। उल्लेखनीय है कि सभी पुनर्वासित युवाओं को निरूशुल्क मोबाइल फोन भी उपलब्ध कराए गए हैं।

पुनर्वासित युवक-युवतियों ने बताया कि वे मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप, यूट्यूब के साथ-साथ ऑनलाइन शॉपिंग का भी उपयोग कर रहे हैं। मोबाइल सुविधा और पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर युवाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। श्री शर्मा ने बस्तर ओलंपिक में शामिल युवाओं से उनके अनुभव भी साझा किए। कबड्डीए रस्साकसी सहित विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले युवाओं ने अपने अनुभव बताए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के बाद अब ष्बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें बस्तर की आदिवासी संस्कृतिए खान-पान, नृत्य और पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

सभी ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन

अंतागढ़/ नवप्रदेश। जनपद पंचायत अंतागढ़ क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में 07 जनवरी को शासन के निर्देश पर चावल महोत्सव,रोजगार दिवस एवं आवास दिवस एक साथ मनाया गया।इसी क्रम में ग्राम पंचायत मासबरस में श्वेता साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंतागढ़, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी,जनपद उपाध्यक्ष कुबल सिंह भूसाखरे एवं जनपद सदस्यों की उपस्थिति में आवास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त आवास हितग्राही,पंचायत सचिव, रोजगार सहायक,आवास मित्र एवं जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर हितग्राहियों को आवास योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही आवास सूची का वाचन कर तकनीकी जानकारी प्रदान की गई तथा हितग्राहियों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित करना रहा।

वनांचल के मेहनतकश वनवासी चेहरों पर आई आर्थिक लाभ की मुस्कान

■ **डेढ़ दर्जन आदिवासी परिवारों की बंजर वनाधिकार भूमि पर लहलहाई फसल, किसान बने खुशहाल**

कोरिया/नवप्रदेश। वर्षों से वनभूमि पर कठिन जीवन यापन कर रहे परंपरागत आदिवासी किसानों के लिए अब उनकी ही भूमि आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बन गई है। वनाधिकार पत्रक के अंतर्गत प्राप्त बंजर एवं असमतल भूमि को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सहयोग से उपजाऊ खेतों में परिवर्तित किया गया है।

कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत सोनहत की ग्राम पंचायत नटवाही एवं इसके आश्रित गांव चुलादर एवं कुर्थी में कुल 17 वनवासी परिवारों को दो वर्ष पूर्व शासन की वनाधिकार पत्रक योजना के तहत भूमि का पट्टा प्रदान किया गया था। परंतु भूमि असमतल एवं पथरीली होने के कारण खेती योग्य नहीं थी, जिससे किसानों को कोई विशेष आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा था।

मनरेगा से मिली विकास की राह: वनाधिकार भूमि को उपयोगी बनाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा भूमि समतलीकरण एवं मेड़ बंधान कार्य को ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना में शामिल किया गया। तकनीकी परीक्षण उपरांत प्रत्येक किसान के लिए पृथक-पृथक प्रस्ताव तैयार किए गए। कुल 11.06 हेक्टेयर भूमि के सुधार हेतु मनरेगा अंतर्गत 19 लाख 51 हजार 346 रुपये की राशि स्वीकृत की गई। ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी बनाते हुए 6,744 मानव दिवस का सृजन कर यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। भूमि सुधार कार्य पूर्ण होने के पश्चात इन किसानों ने खरीफ मौसम में धान को मुख्य फसल के रूप में अपनाया। साथ ही गेहूं, मक्का एवं मटर जैसी फसलों की खेती भी प्रारंभ की गई। अनुकूल वर्षा के फलस्वरूप इस वर्ष इन 17 किसानों द्वारा 300 क्विंटल से अधिक धान एवं मक्का का उत्पादन किया गया। कुल हितग्राही की संख्या 17 है, कुल भूमि सुधार का रकबा 11.06 हेक्टेयर, कुल उत्पादन 319 क्विंटल, स्वीकृत राशि 19,51,346 तथा सृजित मानव दिवस 6,744 है। यह उत्पादन न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षित भविष्य की नई उम्मीद भी जगा रहा है।

पेज 1 का शेष

जनदर्शन में सुनी आमजन की ...

आज सेवा, संवेदना और समाधान का सजीव उदाहरण बन गया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 1950 आवेदन प्राप्त हुए।मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के दूर-दराज़ अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिए। कई जरूरतमंदों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई, जिससे यह संदेश और मजबूत हुआ कि जन सरोकारों से जुड़ी समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता की राहः जीवन में लौटी गतिशीलताः आज के जनदर्शन ने कई दिव्यांगजनों के जीवन में नई उम्मीद जगाई। रायपुर के खमतराई निवासी श्री जीवन दास मानिकपुरी और आरंग के श्री भारत साहू को मुख्यमंत्री द्वारा बैटरीचलित ट्राइसिकल प्रदान की गई। ट्राइसिकल पाकर उनके चेहरे पर आत्मनिर्भरता की मुस्कान स्पष्ट झलक रही थी। अब उन्हें आवागमन के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसी तरह रायपुर के चंदू यादव और सुमन साहू को ट्राइसिकल एवं व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं, सुनने की क्षमता खो चुके सागर नायक और उमेश पटेल को तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए गए, जिससे वे फिर से दुनिया की आवाज़ें सुन सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बैटरी ...

ने तत्काल बेट्री चालित ट्रायसायकल उपलब्ध कराया। बेट्री चालित ट्रायसायकल मिलने पर बिन्दु बीरे ने मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अब कहीं भी आने-जाने में कठिनाई नहीं होगी, उन्होंने मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता की प्रशंसा की।

भारत, चीन और ब्राजील...

अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके।

बिल को सीनेट में 80' सांसदों का समर्थनः रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपार्टिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं।

टीएमसी आईटी सेल ...

यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे आई-पीएसी के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं।

सीएम ममता ने कहा, क्या ईडी और अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क और उम्मीदवारों की सूची जब्त करना है? यह एक घटिया और शरारती गृह मंत्री है, जो देश की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। मेरी पार्टी के सभी दस्तावेज उठा ले जाया जा रहा है। एक तरफ वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर के जरिए मतदाताओं के नाम हटाने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफइस तरह की कार्रवाई की जा रही है। मुझे माफकरें प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने गृह मंत्री को कंट्रोल करें। अगर आप हमसे लड़ नहीं सकते, तो आप बंगाल क्यों आ रहे हैं? हमें लोकतांत्रिक तरीके से हराइए। आप हमारी एजेंसियों का इस्तेमाल हमारे कागजात, हमारी रणनीति, हमारे वोटर्स, हमारे डेटा, हमारे बंगाल को लूटने के लिए कर रहे हैं। यह सब करके, आपको जितनी सीटें मिल रही थीं, वे घटकर जीरो हो जाएंगी।

स्टार्टअप और एआई ...

संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार का केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत में अब एआई विकास के लिए मजबूत और अनुकूल माहौल है जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हो गया है।

जनगणना 2027-पहला ...

जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये ऐप एड्रांयड और आईओएस दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5' पुरुष और 48.5' महिलाएं थीं।

छत्तीसगढ़ में पांच जिलों में ...

मोटी परत के चलते दृश्यता भी कम हो रही है, वहीं शाम होते ही शीतलहर का असर तेज हो जाता है। लगातार गिरते तापमान से जनजीवन पर असर पड़ रहा है। खुले में काम करने वाले मजदूर, दूध वाले, सब्जी विक्रेता और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लखपति दीदी राशोबाई ने मेहनत और समूह सहयोग से कायम की आत्मनिर्भरता की मिसाल

कोण्डागांव/नवप्रदेश। विकासखंड फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बानगांव की रहने वाली श्रीमती राशोबाई मरकाम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपने जीवन को नई दिशा दी, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम की है। राशोबाई आज विभिन्न आजीविका गतिविधियां शुरूकर 01 लाख रूपए से अधिक की आमदनी प्राप्त कर रही हैं। जय माता दी स्व सहायता समूह की सदस्य राशोबाई स्व सहायता समूह से जुड़ने से पहले कृषि मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं और घर के कार्यों तक ही सीमित थी।

आय के सीमित साधन होने के कारण परिवार की वार्षिक आय केवल 48 हजार रुपये थी, जिससे दैनिक जरूरतों को पूरा करना काफी मुश्किल होता था और परिवार का पालन पोषण बेहतर ढंग से नहीं हो पाता था। स्व सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात उन्हें समूह के माध्यम से आरएफ अनुदान राशि 15 हजार रुपये और सीआईएफ ऋण राशि 60 हजार रुपये प्राप्त हुई। इस सहयोग से उन्होंने कृषि कार्य के साथ-साथ किराना दुकान संचालन एवं मछली पालन जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियां शुरू कीं। जिला प्रशासन की एनआरएलएम टीम के मार्गदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उक्त आजीविका गतिविधियों के सफल संचालन से आज श्रीमती राशोबाई मरकाम की वार्षिक आय बढ़कर लगभग 1 लाख 67 हजार रुपये हो गई है। वर्तमान में वे पूर्व की तुलना में दोगुना आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है तथा जीवन स्तर में सुखद बदलाव आया है। आज श्रीमती राशोबाई मरकाम ने अपनी मेहनत, लगन और समूह के सहयोग से न केवल आत्मनिर्भर हुई हैं, बल्कि अपने परिवार के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा भी बनी है। उन्होंने शासन की योजनाओं से मिली सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि एनआरएलएम 'बिहान' योजना के अंतर्गत स्व सहायता समूहों एवं टीम के सतत प्रयासों से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

धान खरीदी व्यवस्था से संवर रहा किसानों का जीवन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम सोनहरा निवासी विष्णुदेव यादव शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और सरकारी योजनाओं की जानकारी ने उनकी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। विष्णुदेव यादव बताते है कि वे संयुक्त परिवार में रहते हैं और कृषि के साथ-साथ वाहन चालक के रूप में कार्य कर आजीविका अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बलरामपुर धान खरीदी केंद्र पहुंच लगभग 307 बोरी धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि धान विक्रय की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रही। समय पर तुलाई से उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। वे कहते हैं कि कृषि के साथ-साथ शासन की योजनाओं ने भी उनके जीवन को मजबूती दी है। यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास का लाभ भी मिला है।

पदीय गरिमा के विपरीत कार्य करने पर प्रधान पाठक निलंबित

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला कन्या आश्रम डिण्डो, विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के प्रधान पाठक रामधनी सिंह के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जानकारी ''बच्चों के हक का अनाज बाजार में बेच रहे थे'' इस संबंध में जांच करने पर प्रधान पाठक के द्वारा एक बोरी चावल मोटर सायकल में ले जाना पाया गया। प्रधान पाठक रामधनी सिंह के द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-(1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रधान पाठक रामधनी यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में रामधनी यावद का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलरामपुर नियत किया गया है।

कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 07 फरवरी

बलरामपुर/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी दी है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन संस्था के वेबसाइट eklavya.cg.nic.in पर ऑनलाइन माध्यम से भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 08 जनवरी से 07 फरवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 08 से 10 फरवरी 2026 तक किया जा सकता है। प्रवेश हेतु परीक्षा की तिथि 01 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

पीवीटीजी बसाहटों में हैंड पंप स्थापना कार्य में तेजी लाएं: कलेक्टर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से एजेंडेवार चर्चा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता ने जिले में उपलब्ध पेयजल स्रोतों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत सरगुजा जिल के 439 ग्राम पंचायतों के 569 गावों में से 81 में नल कनेक्शन का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो चूका है। जिले में अब तक कुल 130846 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शत प्रतिशत घरों तक जल आपूर्ति सुनिश्चित हो, समय सीमा में लक्षित घरों में कनेक्शन प्रदाय किए जाएं। कलेक्टर ने बैठक में निर्धारित मापदण्ड अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत समूह जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी ली, जिले में चार समूह जल प्रदाय योजनाएं संचालित है जिसमें 189 ग्राम शामिल है। उन्होंने जल संशोधन संयत्र निर्माण कार्य कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा कहा कि लोगों को सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने 21 ग्रामों को आगामी एक माह में शत-प्रतिशत

जल प्रदाय पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों में 188 हैंड पंप स्थापना कार्य अगामी मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 दिन के भीतर नलकूप खनन, टंकी निर्माण, पाईपलाइन निर्माण, समूह जल प्रदाय योजना के ठेकेदारों की बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता संयुक्त टीम पेयजल प्रदाय योजना का कार्य प्रारंभ होने वाले ग्रामों में कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करें, उसके पश्चात ही सम्बंधित संस्था को भुगतान करें। कलेक्टर श्री वसंत ने आगामी ग्रीष्म ऋृतु में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए एकल ग्राम पेयजल योजना में सफल सभी नलकूपों में पावर पंप स्थापित एवं टंकी से पेयजल जल प्रदाय का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अमला फिल्ड में जाएं, गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य में तेजी लाएं। कलेक्टर ने क्रेडा में शेष बचे 175 कार्यों के लिए नलकूप खनन का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान एजेण्डानुसार जल जीवन मिशन अन्तर्गत किए गए हर घर जल प्रमाणिकरण की जानकारी, स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत निर्माण की स्थिति, वर्ष 2025 तक शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु माइक्रो प्लानिंग पर आधारित प्रगति की जानकारी, स्वीकृत योजनाओं में पानी टँकी निर्माण की जानकारी, एकल ग्राम एवं रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना के कार्यों की प्रगति, वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की जानकारी, सोलर पंप आधारित जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी, समूह जल प्रदाय योजनाओं की पर विस्तृत समीक्षा की गई तथा सहित अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर अनुमोदन की कार्यवाही की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप खलखो, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक निरंजन, क्रेडा के कार्यपालन अभियंता वंदना राजवाडे, पीएमजीएसवाए विभाग सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार करने वाले को मिलेगा इसरो भ्रमण का अवसर: कलेक्टर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में विद्यार्थियों के सर्वांगीण बौद्धिक विकास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विस्तार तथा गणित, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी आधारित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर केंद्रित एक भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम में लोकप्रिय विज्ञान वार्ता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मॉडल प्रदर्शनी (स्थिर एवं कार्यशील), विज्ञान एवं गणित आधारित निबंध लेखन, सेमिनार प्रतियोगिता, विज्ञान के साथ मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ तथा जन-जागरूकता अभियान जैसी विविध गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों सहित उपस्थित सभी अतिथियों को गहराई से प्रभावित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजीत वसंत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा

अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में जिला समन्वयक लीना थॉमस सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, समिति सदस्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी का युग है तथा नवाचार ही भविष्य की सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर प्रयोग, अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से अपने विचारों को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थी नई सोच के साथ समाज की समस्याओं के समाधान खोजें। कलेक्टर वसंत ने घोषणा की कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने वाले विद्यार्थियों को भविष्य में श्रीहरिकोटा एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भ्रमण का अवसर प्रदान किया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा जी ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिनाइयों को सीखने के अवसर के रूप में देखने की प्रेरणा दी तथा शिक्षकों से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशक्ति एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्थिर एवं कार्यशील मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत, गणितीय अवधारणाएँ एवं तकनीकी नवाचार से जुड़े मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता एवं नवाचार क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया।

बस स्टैंड और खनन क्षेत्र में हंगामा करने वाले गिरफ्तार

घरघोड़ा/नवप्रदेश। घरघोड़ा थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से घरघोड़ा पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए पांच अनावेदकों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया है। 7 जनवरी को थाना घरघोड़ा के सहायक उप निरीक्षक रामसजसीवन वर्मा हमराह स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर थे। इस दौरान घरघोड़ा बस स्टैंड एवं ग्राम चुहकीमार में फेरी करने आए बाहरी व्यक्तियों की चेकिंग के समय अर्जुन गोगालिया, नौशाद, पंकज कछुआ एवं वकील कछुआ द्वारा पुलिसकर्मियों से अनावश्यक बहस करते हुए शोर-शराबा किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन पर चारों को थाना लाया गया, जहां भी वे आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। स्थिति को देखते हुए चारों के विरुद्ध धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। इधर एक अन्य मामले में तिल्लाईपल्ली कोयला खनन परियोजना क्षेत्र में शांति भंग की आशंका को लेकर भी घरघोड़ा पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। अनावेदक रामलाल राठिया पिता फुल सिंह राठिया उम्र 33 वर्ष निवासी चोटीगुड़ा थाना घरघोड़ा, जो कार्य के दौरान बेस्ट बीट खदान क्षेत्र में शराब के नशे में बार-बार पहुंचकर विवाद, लड़ाई-झगड़े और मारपीट पर उतारू हो जाता था, को सुरक्षाकर्मियों द्वारा थाना लाया गया। पुलिस की समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर थाना प्रभारी के निर्देशन में उसके विरुद्ध धारा 170 के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक धाराओं 126 एवं 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में जिन अनावेदकों को गिरफ्तार किया गया है उनमें अर्जुन गोगल्या पिता बाबूलाल गोगल्या उम्र 25 वर्ष, नवशाद पिता अब्दुल कलाम उम्र 35 वर्ष, पंकज कछवा पिता गोवर्धन कछवा उम्र 23 वर्ष, वकील कछवा पिता नाथुलाल कछवा उम्र 35 वर्ष तथा रामलाल राठिया पिता फुल सिंह राठिया उम्र 33 वर्ष शामिल हैं।

हेलमेट जन-जागरूकता बाइक रैली हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस विभाग द्वारा आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल ठाकुर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 06 जनवरी 2025 को सक्ती नगर में हेलमेट वितरण, हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों को गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं हेलमेट जन-जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हेलमेट जन-जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर यातायात रथ एवं रैली को रवाना किया गया। रैली कचहरी चौक, बुधवारी बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन चौक तक निकाली गई।

इस रैली में जिले के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा दोपहिया वाहन चलाकर आम नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे आमजन में सकारात्मक संदेश गया एवं नियमों के पालन के प्रति उत्साह बढ़ा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष माह जनवरी में पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों एवं राष्ट्रीय/राजकीय राजमार्गों के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है तथा नियमों का पालन न करने से होने वाली जान-माल की हानि के संबंध में भी आमजन को अवगत कराया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण कर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

वर्ष परिवर्तन प्रेषित करने 10 जनवरी निर्धारित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन की प्रक्रिया राज्य स्तर से प्रारंभ कर दिया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 निर्धारित किया गया है। उन्होंने जिले में संचालित शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, पॉलीटेक्नीक व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आदि के संस्था प्रमुख व छात्रवृत्ति प्रभारी एवं विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि तक जानकारी प्रेषित करने कहा है।

बस, ऑटो चालकों को यातायात नियमों के पालन की दी समझाइश

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। सड़क यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता माह के तहत मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस एवं आरटीओ स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से बस स्टैंड एवं खेड़िया तिराहा क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 12 बस, 18 ऑटो एवं 2 टैक्सी की जांच की गई। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया।

जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण पाए गए, उन्हें कागजात सदैव अद्यतन रखने की समझाइश दी गई। वहीं जिन चालकों

के दस्तावेज अपूर्ण पाए गए, उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देकर समय रहते दस्तावेज पूर्ण कराने की चेतावनी दी गई। साथ ही बताया गया कि निर्धारित समय में कागजात पूर्ण नहीं करने पर भविष्य में चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित बस, ऑटो एवं टैक्सी चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट का उपयोग करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया।

वीबी-जी राम जी योजना से सशक्त एवं समृद्ध ग्रामीण भारत का होगा निर्माण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के अंबिकापुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत लब्जी में ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी पहल से अवगत कराने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन कर विकसित भारत जी-राम-जी योजना की जानकारी साझा की गई। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंबिकापुर जनपद पंचायत के सीईओ राजेश सेंगर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकसित भारत जी-राम-जी एक्ट, 2025 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत अब

ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिनों के कार्य की कानूनी गारंटी प्रदान की गई है। साथ ही, यदि कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और अधिक सशक्त किया गया है। जनपद सीईओ श्री सेंगर ने बताया कि इस एक्ट के अंतर्गत अब मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करना अनिवार्य किया गया है। यदि 15 दिवस के भीतर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है, तो संबंधित मजदूर को 0.05 प्रतिशत अतिरिक्त राशि ब्याज के रूप में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भुगतान में विलंब होने पर मजदूरों को कोई क्षतिपूर्ति नहीं मिलती थी, किंतु अब देरी की स्थिति में संबंधित जिम्मेदारों को इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने आगे बताया कि विकसित भारत जी-राम-जी एक्ट के तहत गांव की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन अब ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। गांव की जरूरतों के अनुसार ही कार्य कराए जाएंगे, जो इस योजना की मूल भावना है। इस अधिनियम के लागू होने से गांवों में जल संरक्षण, आधारभूत संरचना विकास, आजीविका आधारित गतिविधियां तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकेंगे।

आयोजन

विकसित भारत जीरामजी योजना से भविष्य में बढ़ेंगे ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका के अवसर

योजना से सशक्त हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पारदर्शिता पर जोर

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को रोजगार, आजीविका एवं आवास से संबंधित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया।

इस आयोजन के माध्यम से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने, पारदर्शिता बढ़ाने तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं श्रमिकों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं संचालित कार्यों की जानकारी मोबाइल के माध्यम से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को रोजगार का लाभ मिल रहा है, जहां हजारों सक्रिय जॉब कार्डों के माध्यम से बड़ी संख्या में पंजीकृत

श्रमिक नियमित रूप से कार्य से जुड़े हुए हैं। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवास हितग्राहियों को यह निर्देशित किया गया कि वे अपने आवासों का निर्माण शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा के स्थान पर प्रस्तावित नवीन योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात विकसित भारत जीरामजी के उद्देश्यों, स्वरूप एवं संभावित लाभों की भी जानकारी दी गई तथा बताया गया कि यह योजना भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी। रोजगार दिवस एवं आवास दिवस के इस संयुक्त आयोजन में श्रमिकों, आवास हितग्राहियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र, बीआरएलएफ के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने किया प्रोत्साहित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अंबिकापुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लब्जी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजनादृग्रामीण के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में आवास निर्माण सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया, हितग्राहियों को योजना के प्रावधानों के प्रति जागरूक करते हुए आवास निर्माण में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा हैं। जनपद पंचायत सीईओ राजेश सेंगर द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत में स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों के हितग्राहियों की सूची का वाचन कराया।

न्यूज गैलरी

मनरेगा में सामाजिक अंकेक्षण से बढ़ी पारदर्शिता

मुंगेली/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 367 ग्राम पंचायतों में से 237 पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य सफ्लतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। शेष 130 ग्राम पंचायतों में यह प्रक्रिया मार्च 2026 तक निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएगी। सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से ग्रामीणजन स्वयं अपने क्षेत्र में मनरेगा के तहत हो रहे विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। इससे न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि जवाबदेही तय होने के साथ-साथ जनविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ग्रामीणों की प्रत्यक्ष सहभागिता से योजनाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ रही है और सुधार के अवसर भी मिल रहे हैं। सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ग्राम सभा के माध्यम से कार्यों का वाचन एवं चर्चा की जाती है। इस दौरान ग्रामीणों के समक्ष योजनाओं का विवरण प्रस्तुत कर निर्णय लिया जाता है, जिससे उन्हें विकास कार्यों की प्रत्यक्ष समीक्षा करने और अपने सुझाव रखने का अवसर प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक सहभागिता को भी सशक्त बना रही है।

जिले की सभी पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रतिमाह की 07 तारीख को रोजगार दिवस आयोजित किए जाने के प्रावधान के तहत आज जिले की सभी 367 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, अभियानों एवं मनरेगा के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही रोजगार दिवस के दौरान ग्रामीणों को ÷वीबी-जी राम जी योजना÷ के प्रावधानों से अवगत कराया गया। योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार, साप्ताहिक मजदूरी भुगतान तथा ग्रामीण विकास को गति देने वाले कार्यों की जानकारी दी गई।

घोषणाओं और आश्वासनों में उलझी मुंगेली की रेल परियोजना, जनता में बढ़ती निराशा

रेल लाइन सिर्फ वादा बनकर रह गया, जिला आज भी ट्रेन से वंचित

केवल घोषणाएं, कोई क्रियान्वयन नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में रेल लाइन की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन यह आजादी के पूर्व का यह सपना अब तक केवल आश्वासनों और घोषणाओं में ही सिमटा हुआ है। जिला बनने के 13 साल बाद भी मुंगेली रेल नेटवर्क से सीधे तौर पर नहीं जुड़ सका, जो विकास की रफ्तार में बड़ी बाधा बन गया है।

आजादी को 78 साल बाद भी नगर में निवासियों को रेल नेटवर्क से न जुड़ पाने के कारण भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिले में रेल सुविधा न होने से न सिर्फ लोगों की यात्रा कठिन हो गई है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास को भी गहरा झटका लगा है। लगभग 8 वर्ष पूर्व बीजेपी शासन काल में डोंगरगढ तक के लिए रेल लाईन प्रस्ताव पास हो गया था तत्कालिन सांसद लखन साहू ने भूमि पूजन का भी कार्यक्रम आयोजित किया था किन्तु लगभग 8 वर्ष गुजर जानें के बाद भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ पाई है, डबल इंजन सहित जिले के सांसद केन्द्रीय मंत्री एवं लोरमी विधायक के उपमुख्यमंत्री होने के बाद भी नगर में रेल लाईन एक सपना हो गया है। स्थानीय लोगों में निराशा स्थानीय नागरिकों का कहना है,÷हर साल रेल बजट में उम्मीद जगती है, फ्रि सब ठंडे बस्ते में चला जाता है। क्या हमारा जिला रेल सुविधा का हकदार नहीं?

वर्षों से की जा रही मांग

मुंगेली से बिलासपुर, कवर्धा या जबलपुर तक रेल लाइन विस्तार की मांग कई बार संसद और विधानसभा तक गूंज चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने भी घोषणाएं कीं, प्रस्ताव भेजे गए, सर्वे की बातें हुईं, लेकिन आज तक न तो सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक हुई, न ही कोई ठोस

विकास पर असर

रेल सुविधा के अभाव में कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी असर पड़ रहा है। यातायात पूरी तरह सड़क मार्ग पर निर्भर है, जिससे यात्रा में अधिक समय और खर्च लगता है। विशेषकर छात्र, मरीज और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

गार्डन में भी नहीं लगा ट्रायट्रेन

नगर वासियों के लिए रेल मानों सपना बन कर रह गया है, कटघोरा से डोंगरगढ तक घोषणा की गई ट्रेन अब तक प्रारंभ नही हो पाई है वैसें ही नगर के उद्यान में बच्चों के लिए चलने वाली ट्रायट्रेन भी अधर में लटकी हुई है।

रेलवे लाईन के संदर्भ में पूछे गए प्रश्न पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि विधानसभा में प्रस्ताव पास कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु केंद्र को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। केंद्र कब तक करेगी, हमें नहीं पता।

– लखनलाल देवांगन, प्रभारी मंत्री, मुंगेली जिला

तहसील कार्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सीएचसी सीतापुर का किया निरीक्षण

खरीदी केंद्र गेरसा में व्यवस्था का लिया जायजा लापरवाही पर समिति प्रबंधक पर जताई नाराजगी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर बुधवार को विकासखण्ड सीतापुर दौरे में रहे। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान उन्होंने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सम्बन्धी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आमजनों के बीच पहुंचकर शासकीय योजनाओं से मिलने वाले लाभ एवं अन्य सुविधाओं पर फीडबैक लिया।

इस दौरान एसडीएम श्री राम सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने इस दौरान एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं नायब तहसीलदार कार्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर राजस्व मामलों फौती, नामांतरण, बंटवारा के लंबित प्रकरणों, आरबीसी 6-4, जाति आय, निवास प्रमाणपत्र के प्रकरणों का जल्द निराकरण किए जाने

के निर्देश दिए। उन्होंने विवादित प्रकरणों को 75 दिनों में एवं अविवादित प्रकरणों को 45 दिन के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में एक वर्ष पुराने प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाएं। इसके साथ ही उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए कार्यालय में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र गेरसा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में टोकन व्यवस्था, धान उठाव, बारदाना उपलब्धता, रकबा समर्पण, डीओ सहित संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने यहां बोरियों का तौल करवाकर देखा, बोरी में मानक वजन 40 किलोग्राम से कम धान मात्र 35 किलोग्राम पाए जाने पर उन्होंने समिति प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर की तथा नोटिस जारी करने निर्देशित किया।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।कलेक्टर ने सीतापुर दौरे के दौरान सोनतराई में ग्राम सुर के किसानों के आयल पाम प्लांटेशन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने किसानों से बात कर ऑयल पाम खेती के लाभों की जानकारी दी, उन्होंने कृषकों का उत्साहवर्धन करते हुए योजनान्तर्गत अन्य घटकों में मिलने वाला लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसी तरह प्रत्येक विकासखण्ड में विभागीय योजनाओं का लाभ लेने वाले 05-05 कृषकों का मॉडल तैयार करें, ताकि ये कृषक अन्य कृषकों को भी योजना का लाभ लेने प्रेरित करें। इससे योजनाओं के विस्तार में सकारात्मक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऑयल पॉम में इण्टरक्रॉपिंग 3-4 साल में फल आने तक किसानों को अनुदान के साथ-साथ तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान करें। उन्होंने फसल लेने से पूर्व मिट्टी का परीक्षण अवश्य करवाने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सीतापुर पहुंचकर विद्यालय में बालिकाओं हेतु जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया।

प्रगतिशील किसान भरत सोनी ने रकबा समर्पण कर पेश की मिसाल

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम रींवापार निवासी प्रगतिशील किसान भरत सोनी ने खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में रकबा समर्पण कर जिले के किसानों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उपार्जन केंद्र नवागांव घुटेरा में सुगमता के साथ 206 क्विंटल धान का विक्रय किया, साथ ही 49.20 क्विंटल धान का रकबा समर्पण भी किया। उन्होंने खरीदी केंद्र पर उपलब्ध सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि खरीदी केंद्र में टोकन प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सुगम है, जिससे किसानों को बिना किसी परेशानी के अपनी बारी प्राप्त हो रही है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तौल व्यवस्था तेज, सटीक एवं पूर्णतः पारदर्शी है, जिससे तौल में किसी प्रकार की शंका नहीं रहती। इसके अतिरिक्त किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीदी केंद्र में छाया, पेयजल एवं बैठने की उत्तम व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसानों को सहज एवं सुरक्षित वातावरण में धान विक्रय की सुविधा मिल रही है। भरत सोनी ने बताया कि रकबा समर्पण से वास्तविक उत्पादन के अनुरूप धान खरीदी सुनिश्चित होती है, जिससे फर्जी रिकॉर्डिंग एवं अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगता है। उन्होंने अन्य पंजीकृत किसानों से भी अपील की कि धान विक्रय के पश्चात शेष बचे रकबा का समर्पण अवश्य करें, ताकि शासन की धान खरीदी व्यवस्था और अधिक पारदर्शी बन सके। भरत सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक प्रयासों से धान खरीदी प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक आसान, तेज और भरोसेमंद हो गई। बता दें कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर रकबा सत्यापन एवं फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया गया है। इससे जिले में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी।

कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप लक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने मिशन 90 प्लस के अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु सभी नोडल स्कूलों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण, अध्यापन स्तर एवं विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार के लिए शिक्षकों और छात्रों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में आगामी जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। जिला सांख्यिकी अधिकारी से जनगणना की प्रक्रिया, चरणबद्ध कार्ययोजना एवं प्रशासनिक तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई, ताकि समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने संबंधित विभागों को संयुक्त टीम बनाकर शहर भ्रमण करने और साफ्सफाई की स्थिति का नियमित निरीक्षण करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे। समय-सीमा बैठक के माध्यम से जिले में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, तीनों अनुविभागों के एसडीएम सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

धान उठाव में अनियमितता पर प्रशासन की कार्रवाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में लखनपुर स्थित जगदंबा राइस मिल में की गई जांच के दौरान धान के भौतिक उठाव में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर लखनपुर तहसीलदार अंकिता पटेल, नायब तहसीलदार , खाद्य निरीक्षक के संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि राइस मिल द्वारा अभिलेखों में कुल 13,480 क्विंटल धान उठाव दर्शाया गया था, जबकि मौके पर किए गए भौतिक सत्यापन में केवल 10,880 क्विंटल धान ही उपलब्ध पाया गया। इस प्रकार कुल 2,600 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विपरीत है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार जगदंबा राइस मिल लखनपुर को सील कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है तथा जांच पूर्ण होने के पश्चात संबंधित राइस मिल प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त धान मिलने पर प्रभारी, ऑपरेटर निलंबित

मुंगेली/नवप्रदेश। धान उपार्जन केंद्र नवागांव (ची.) में की गई जांच के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। स्टेट स्तर से प्राप्त अलर्ट के आधार पर यह जानकारी मिली थी कि जारी डीओ के अनुसार मिलर को अपेक्षा से कम धान भेजा गया है, जबकि उपार्जन केंद्र में अतिरिक्त धान संग्रहित किया गया है। आशंका जताई गई थी कि इस अतिरिक्त धान को अन्य किसानों के नाम पर खपाने का प्रयास किया जा सकता है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर राजस्व, सहकारिता एवं खाद्य विभाग के जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा उपार्जन केंद्र का भौतिक सत्यापन किया गया।

खरीदी केंद्रों का निरीक्षण, अव्यवस्था पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पथरिया विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र सरगांव, सांवतपुर एवं धूमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों से धान खरीदी की प्रगति, व्यवस्थाओं व किसानों को दी जा रही सुविधाओं, अब तक कितने किसानों से धान खरीदी हुई है, खरीदी की मात्रा, रकबा समर्पण एवं टोकन व्यवस्था आदि की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समिति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि धान

खरीदी निर्बाध रूप से जारी रहे। धान खरीदी केंद्र सरगांव में निरीक्षण के दौरान धान का समुचित स्टेकिंग नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई। खराब व्यवस्था के लिए समिति प्रबंधक धनुष राम साहू को फ्टकार लगाते हुए नोटिस जारी करने तथा केंद्र का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अव्यवस्था को गंभीर लापरवाही मानते हुए सहकारिता निरीक्षक एवं फूड इंस्पेक्टर को नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसएडीओ कोसले की भी लापरवाही पर वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने केंद्र की सभी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तौल एवं वजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया और मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर धान विक्रय, टोकन एवं भुगतान से संबंधित जानकारी ली।

जुआ माफिया योगेंद्र की अग्रिम जमानत खारिज, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश

मुंगेली/नवप्रदेश। संगठित जुआ माफिया योगेंद्र शर्मा उर्फ लाल महाराज की अग्रिम जमानत याचिका उच्च न्यायालय द्वारा खारिज गिरफ्तारी हेतु पुलिस की दबिश तेज। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने जिला मुंगेली के थाना फस्टरपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 66/2025 (धारा 6, छत्तीसगढ़ जुआ निषेध अधिनियम, 2022) के मुख्य आरोपी योगेंद्र शर्मा उर्फलाल महाराज उर्फभर्रा की अग्रिम जमानत याचिका को कड़ा रुख अपनाते हुए खारिज कर दिया है। माननीय न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने आरोपी के आपराधिक इतिहास और संगठित अपराध में संलिप्तता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। विगत 7 अक्टूबर 2025 को थाना फस्टरपुर पुलिस ने ग्राम विचारपुर में रेड कार्रवाई कर आरोपी रवि कुमार आंचल को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा था।

पूछताछ और तकनीकी जांच में यह खुलासा हुआ कि रवि कुमार, मुख्य सरगना योगेंद्र शर्मा के इशारे पर वर्ष 2021 से संगठित जुआ नेटवर्क चला रहा था। जुएं की राशि का हिसाब-किताब मोबाइल के माध्यम से साझा किया जाता था और लेन-देन यूपीआई फोन पे एवं नकद रूप में होता था। वित्तीय साक्ष्य-पुलिस जांच में आरोपी योगेंद्र शर्मा और सह-आरोपी के बैंक खातों एसबीआई और आईसीआईसीआई के बीच 7,05,945 से अधिक के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के पुख्ता प्रमाण मिले हैं।

आपराधिक इतिहास- आरोपी योगेंद्र शर्मा एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी जुआ अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं और कई में वह दोषी पाया जा चुका है।

संगठित नेटवक- आरोपी द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर एक सुनियोजित जुआ सिंडिकेट चलाया जा रहा था। आरोपी लंबे समय से फ्रार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा 1,000 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की गई है। जिले भर में आरोपी के पोस्टर चस्पा किए गए हैं। आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब पुलिस उसे गिरफ्तार करने हेतु पूरी तरह स्वतंत्र है। उच्च न्यायालय का यह फैसला संगठित अपराध के विरुद्ध हमारी लड़ाई को मजबूती प्रदान करता है। जुआ माफिया योगेंद्र शर्मा को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। हम जनता से अपील करते हैं कि आरोपी के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

महोत्सव

माता परमेश्वरी महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब, संगीतमय कथा ने भावविभोर किए श्रद्धालु

सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव समाज में एकता और परंपरा का दे रहा संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन माता परमेश्वरी की भव्य आरती एवं संगीतमय कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा वाचक भूपेंद्र छोटू देवांगन ने माता के गुणगान के साथ-साथ देवांगन समाज की वंश परंपरा पर प्रकाश डालते हुए गोत्र उत्पत्ति, माता हरणी दीपचंद के जन्म एवं विवाह प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उनके सुमधुर भजनों और भावपूर्ण प्रस्तुति ने पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के उपरांत कथावाचक भूपेंद्र छोटू देवांगन एवं भारत देवांगन द्वारा प्रस्तुत किए गए एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों ने समां बांध दिया। तालियों की गूंज और भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तीसरे दिन महोत्सव में खनिज अध्यक्ष पूर्व गिरीश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने माता परमेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और

आपसी समन्वय मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि माता परमेश्वरी के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं, जिससे जागरूकता बढ़ती है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। महोत्सव की शाम में दीपचंद माता हरणी की बारात पूरे पारंपरिक विधि-विधान के साथ निकाली गई। समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने डीजे के साथ झूमते और भजनों के साथ शहर भ्रमण किया। बारात का समापन विधिवत विवाह संस्कार के साथ हुआ, जिसे कथावाचक छोटू भूपेंद्र देवांगन ने संपन्न कराया। रात्रि 9 बजे से समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों और दर्शकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों से उनका हौसला बढ़ाया। देवांगन समाज के अध्यक्ष आनंद देवांगन एवं मीडिया के कोमल देवांगन ने जानकारी दी कि महोत्सव के चौथे दिन श्रम, उद्योग, वाणिज्य एवं आबकारी विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सोनकर महाविद्यालय में 17-18 जनवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनकर महाविद्यालय में 17 एवं 18 जनवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी.के. सारस्वत के करकमलों से होगा। कार्यक्रम का आयोजन सोनकर कॉलेज एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसके लिए दोनों संस्थाओं के मध्य विधिवत समझौता ज्ञापन भी किया गया है। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के 8 से 9 राज्यों से विद्वान वक्ता, शोधार्थी एवं शिक्षाविद् शामिल होंगे। संगोष्ठी के दौरान डॉ. अनीता सिंह द्वारा संपादित पुस्तक ÷विकलांग विमर्श की कहानियां भाग दो÷ का विमोचन भी किया जाएगा। डॉ. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विकलांग विमर्श की वैचारिक धारा की शुरुआत बिलासपुर से हुई है।

जिले की 221 ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव, रोजगार और आवास दिवस का हुआ आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का 221 ग्राम पंचायतों में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, प्रकाश चंद्र तारम, प्रभारी परियोजना अधिकारी तथा प्रेमचंद देवांगन, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया तथा पंचायत से संबंधित योजनाओं की जानकारी क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराया गया, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त हो सके। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के टोल-फ्री नंबर 1800-233-1290 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोजगार दिवस अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न योजनाओं के अभिसरण पर चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि आवास दिवस का मुख्य उद्देश्य जनजागरूकता, समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 90 दिवस की अकुशल श्रमिक मजदूरी का लाभ देते हुए आवास निर्माण समय-सीमा में पूर्ण कराने, निर्माण सामग्री संबंधी समस्याओं के समाधान, सामग्री बैंक की स्थापना तथा पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों को प्राथमिकता देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर शासन की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का आधुनिक स्वरूप है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। अब रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 125 कर दिए गए हैं तथा मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। कार्य की मांग के बावजूद रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी किया गया है। इसके अतिरिक्त धान की खेती के पीक सीजन में 60 दिनों तक योजना को बंद रखने का प्रावधान किया गया है, जिससे खेती-किसानी और अधिक प्रभावशील हो सके। ग्रामीणों ने योजनाओं को अत्यंत लाभकारी बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। गांव में ही रोजगार उपलब्ध होने, समय पर भुगतान तथा बुनियादी ढांचे के विकास से पलायन रुकेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

ग्राम पंचायत हिरीडीही में सौर ऊर्जा मोटर पम्प एक वर्ष से बंद

ग्रामीणों ने कहा कि कभी-कभी बाहर से ग्रामीण टैंकर के सहारे पानी लाते है

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत हिरीडीही में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी से जुड़ा मोटर पम्प बीते लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार सौर ऊर्जा संयंत्र से लगे बोर में मोटर पम्प बोर अंदर गिर जाने के बाद हिरीडीही मोहल्ले में जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। लाइन बंद होने की स्थिति में ग्रामीणों को मजबूरी वश पानी टैंकर के माध्यम से मंगाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद सरपंच द्वारा अब तक केवल 3 से 4 बार ही गांव का दौरा किया गया है, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। लंबे समय से पेयजल संकट बने रहने के कारण महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अब कुछ दिनों बाद गर्मी आने वाला है जिसमे ओर कापी परेशानी हो सकती है

इस संबंध में चंद्रिका नेताम, लच्छिन मरकाम, राधा नेताम, महेश्वरी नेताम, अमर चंद नेताम, कला बाई, विनंदी नेताम, संगीता नेताम, राजेश्वर नेताम, दिना नेताम सहित समस्त मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही वैकल्पिक स्थान पर नया बोर खनन कर मोटर पंप स्थापित किया जाए, ताकि नियमित जल आपूर्ति बहाल हो सके।

ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया है कि पंचायत के पास स्थित कुएं की सफाई कर उसमें मोटर पम्प लगाया जाए, जिससे अस्थायी रूप से पानी टंकी में जल भरकर गांव को राहत दी जा सके। इसके साथ ही कुएं के ऊपर सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचा (ढक्कन/आवरण) लगाए जाने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की है।

कलेक्टर ने की दामाखेड़ा मेले की तैयारियों समीक्षा

बलौदाबाज़ार/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आगामी 23 जनवरी से शुरू हो रहे सन्त समागम समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मेले में आने वाले अतिथियों और श्रद्धालुओं के रहने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए जहाँ ,बिजली, पानी, शौचालय और स्नानागार का इंतज़ाम हो।इसके अलावा मेले में रोज़ाना आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शौचालय और पेयजल में स्पॉट्स बनायें। उन्होंने मेला पहुँच मार्ग और मेला स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस ,होमगार्ड ,स्काउट्स, एनसीसी को भी व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए।

गातापार के मण्डला टोला जंगल में पुलिस की दबिश

- **ताश खेलते पांच जुआरियों से 1 लाख 74 हजार रू नगद सहित ढाई लाख का सामान जप्त**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जंगलो मे चल रहे ताश जुआं की खबर पर गातापार पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते मंडलाटोला के जंगल मे जमे फड़ पर छापामार कार्यवाही मे बड़ी कामयाबी हासिल करते 5 आदतन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख 74 हजार रू नगद सहित मोबाइल और अन्य सामान जप्त किए है । सूचना के बाद मौके पर पहुँची गातापार पुलिस ने मंडलाटोला बांध किनारे दबिश देकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे 5 आरोपियो को रंगे हाथ गिरफ्तार किया । कूछ जुआरी पुलिस की दबिश के दौरान मौके से फरार होने मे सफल हो गए । मौके पर पकड़ाए 5 आरोपियों में दिलीप खत्री खैरागढ़ के पास से 42,100 रू नगद और मोबाइल, देवा राजपूत खैरागढ़ से 38,500 रू नगद और मोबाइल,कुंदन निर्मलकर रायपूर के पास 34 हजार 2 सौ और मोबाइल, मकसूदन खरे राजनांदगांव के पास से 33,400 रू और मोबाइल, नीलकंठ साहू भिलाई से 25,800रू मोबाइल सहित कुल 2 लाख 43 हजार रू की जप्ती की गई है । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की है ।

पूर्व मंत्री ने जन्मदिन पर लिया मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री धनेश पाटिला जन्मदिन के अवसर पर मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। इस दौरान पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा ब्लाक अध्यक्ष द्वय विजय राज सिंह व सुरेश सिन्हा पूर्व नपाध्यक्ष धीरज मेश्राम व शिव निषाद रिम्मी भाटिया अनिल मेश्राम एडविन हैदर शिशुपाल भारती हरिश भंडारी जितेन्द्र सिंह भाटिया प्रमोद टेम्भुर्णीकर चुमन साहू संजीव गोमास्ता फिरंगी पटेल संजीव वशिष्ठ रवि तिवारी विष्णु लोधी दशरथ सोनी सुधीर शिंदे मतीन खान प्रकाश महानदी पंचराम चंदेल प्रजेश सहारे राजेंद्र वर्मा संजीव गुप्ता दिनेश साखरे सुरेन्द्र अम्बादे प्रशांत सहित बड़ी संख्या में समर्थक गण और सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'शांति ही शिव का स्वरूप': गिरी बापू

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर महादेव मंदिर सिहावा में आयोजित शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस अंतरराष्ट्रीय कथावाचक गिरी बापू ने शिव भक्ति, शांति और सनातन संस्कृति की महिमा पर गहन एवं भावपूर्ण प्रवचन दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। गिरी बापू ने कथा के दौरान कहा कि भगवान की कथा कहना और सुनना स्वयं में शांति का दान है। महाभारत, रामचरितमानस और पुराणों में यही भाव व्यक्त किया गया है कि कथा से मनुष्य के जीवन में सुख, दीर्घायु और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जो महापुराणों की कथा कहते हैं, उनके प्रति शुभ भावना व्यक्त करना, उनका सम्मान करना सनातन परंपरा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पूछे कि कथा से क्या मिलता है, तो उत्तर है – शांति। महादेव की कथा सुनाने और सुनने से जीवन की अशांति दूर होती है। जिनको शांति चाहिए, उन्हें महादेव की साधना, प्रार्थना, भजन, दर्शन और स्मरण करना चाहिए। महादेव स्वयं अत्यंत शांत हैं और जो शांत होता है, वही दूसरों को शांति दे सकता है। गिरी बापू ने कहा कि मान-सम्मान के लिए किसी से कहना नहीं पड़ता, यदि जीवन में शांति और सद्गुण हों तो मान स्वतः प्राप्त होता है। शास्त्रों में अनेक गुणों की चर्चा है, परंतु यदि मनुष्य अपने जीवन में पांच गुण– शांति, संयम, करुणा, श्रद्धा और सत्य को धारण कर ले, तो जीवन सार्थक हो जाता है। उन्होंने भगवान विष्णु, नारद और तुलसीदास के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को शांति की आवश्यकता है और शांति का मार्ग भगवान शिव से होकर जाता है। इसलिए प्रत्येक परिस्थिति में– घर में, वन में, श्मशान में या किसी भी अवस्था में– 'नमः शिवाय' का स्मरण करना चाहिए।

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू को मातृशोक

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। मानिकचौरी में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू 92 वर्षीय का आज तड़के सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र छबिराम साहू, चन्द्रशेखर साहू, चन्द्रिका प्रसाद, चिन्ता राम एवं दो पुत्री द्रौपदी साहू, तोषनी साहू सहित भरा-पूरा परिवार परिवार छोड़ गए गई। आज के अन्त्येष्टि कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, इन्द्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, अशोक बजाज, प्रोफेसर घना राम साहू, पवन साहू, अनिल अग्रवाल, संतोष शुक्ला, कुलदीप साहू, ब्रह्मानंद साहू, डा मनीष साहू, भेखराम साहू, किशोर देवांगन सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

मनेंद्रगढ़ में रेड क्रॉस सोसायटी के नए कार्यालय का शुभारंभ

एमसीबी/नवप्रदेश। मानवता की सेवा और समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से रेड क्रॉस सोसायटी ने मनेंद्रगढ़ जिले में अपने नए कार्यालय का शुभारंभ किया। चिकित्सालय परिसर स्थित 220 बिस्तर अस्पताल में स्थापित इस कार्यालय का उद्घाटन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन शैलेश जैन ने बताया कि मनेंद्रगढ़ नया जिला होने के कारण अब तक संस्था के पास कोई स्थायी कार्यालय नहीं था। नए कार्यालय के शुभारंभ से संगठन की गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सुविधा मिलेगी तथा सेवाएं जिले के प्रत्येक क्षेत्र तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेंगी।

बैठक में नियमित रक्तदान शिविरों के आयोजन, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवा विस्तार पर विशेष चर्चा की गई। प्रदेश प्रतिनिधि रामनरेश पटेल ने कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर गांव-गांव तक मानवता और सेवा का संदेश पहुंचाना है। उद्घाटन अवसर पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने रेड क्रॉस की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को जिले के हर कोने तक पहुंचकर सेवा भावना को मजबूत करना चाहिए। नए कार्यालय के साथ रेड क्रॉस सोसायटी ने भविष्य की कार्ययोजना भी तैयार की है, जिससे जिले में सेवा गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा, 12 पदों पर होगी भर्ती

एमसीबी/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर मनेंद्रगढ़ की जनता के स्वास्थ्य हितों का ध्यान रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट के प्रावधान अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए। नगर निगम चिरमिरी के कोरिया कालरी और खड़गवाँ जनपद के ग्राम पंचायत जरौंधा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हेतु पदो की स्वीकृति दे दी है। आदेश के अनुसार प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सा अधिकारी, एक ग्रामीण चिकित्सा सहायक, एक फार्मासिस्ट ग्रेड 2, एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 3 स्टाफ नर्स, एक लैब टेक्निशियन, एक सहायक ग्रेड 3, 1 वार्ड बॉय और 2 आया का पद शामिल है। मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और सही समय पर शीघ्र उपचार संभव हो सकेगा।

विधायक चंद्राकर ने किया उद्यानिकी सूचना केन्द्र का भ्रमण

धमतरी/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी द्वारा ग्रामीण कृषि एवं उद्यानिकी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एस.सी. उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम कातलबोड़ में रावे उद्यानिकी सूचना केन्द्र की स्थापना की गई है जो किसानों एवं ग्रामीणजनों के लिए ज्ञान और तकनीकी मार्गदर्शन का केन्द्र बनकर उभर रहा है। विधायक श्री अजय चंद्राकर द्वारा उक्त उद्यानिकी सूचना केन्द्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने केन्द्र में विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि इस प्रकार के सूचना केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों के विस्तार और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उद्यानिकी आधारित कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 83700-09923 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in
NIT Ref. No.13313/CREDA/GCSRT/RESCO/SLAGMC/2025-26 Date: 07.01.2026

NOTICE INVITING TENDER

CREDA invites Online Tender for Survey, Capacity assessment, Design, supply, erection, testing and commissioning including warranty, operation & maintenance for 25 years Grid Connected Roof Top Solar PV System capacity of 1.3 Mwp (2X650kWp(DC)/2X500kW(AC) at Late Shri Lakhi Ram Agrawal Memorial Medical College Building & Late Shri Lakhi Ram Agrawal Memorial Hospital Building, Raigarh, Chhattisgarh under RESCO Model on Net-metering basis.

Last date of submission of Online Bid : 28.01.2026 till 5:00 PM
Opening of Online Bid : 29.01.2026 12:00 PM onwards

Technical & Price Bid shall be submitted online only at https://www.eproc.cgstate.gov.in . However technical bid (as per checklist) also has to be submitted in hard copy duly signed by bidder at H.O. Tender Cell, CREDA. If there is any discrepancy in the e-Bid and hard copy, only the e-Bid shall be valid. In no case the hard copy of documents shall be evaluated, it is only for record keeping of CREDA. Bidders are advised to follow the instructions provided for registration and e-Submission process accordingly. (For any query about e-bidding please visit user manual at https://eproc.cgstate.gov.in.)

Tender document is available at **www.creda.co.in** and at **https://eproc.cgstate.gov.in**

CREDA reserves all rights to accept/reject any or all bids in full/part without assigning any reasons.

S-46487/1 — Executive Engineer (RE-III) CREDA

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202601140400003/अ-6/2025-26
(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निधि देवी संचेती पति संतोष संचेती निवासी आमापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 ए, प्लाट नं. 41/3, क्षेत्रफल 107 व.मी., पक्का मकान, भू भाटक 29.40 रु. देवेन्द्र गुप्ता, संतोष, राकेश, श्रीमति किरण, श्रीमति काजल पिता मिश्रीलाल गुप्ता, आदर्श, आयुष पिता दीपक, आरती पति दीपक गुप्ता नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को विक्रय मूल्य कीमती 35,41,000.00 रु. (पैंतीस लाख इकचालीस हजार रु.) क्रय कर दिनांक 20.11.2025 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 5/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर
जिला- जशपुर (छत्तीसगढ़)
Phone: 9424242409 E-Mail ID: ee-res.jashpur@.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/1638/वलेलि / ग्रा.यां. से/2025-26 जशपुर, दिनाँक 06/01/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)
1	2	3	4
1	**M183305**	सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्र. 02 गायत्री मंदिर के पास नगर पंचायत कोतबा, वि0ख0- पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)	9.171
2	**M183306**	सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्र. 04 नगर पंचायत कोतबा, वि0ख0-पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)	9.171
		Total	18.342

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक **07.01.2026** से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in/** से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा हेतु निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक **21.01.2026** अपरान्ह 17:30 बजे तक एवं अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से दिनांक **23.01.2026** को अपरान्ह 17:30 बजे तक तक पहुंचना अनिवार्य है।

जी-252605893/3 — **कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग, जिला- जशपुर**

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO 50/PWD/Zone-1/2025 **RAIPUR DATED: 06.01.2026**

Online bids are invited for the following works of works upto **30.01.2026 at 17.30 hours.**

S. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable Amount of contract (In Rupees)	Invite
1	183393	संत कबीर दास वार्ड क्र 03 अंतर्गत सुखराम नगर में सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य	30,00,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
2	183398	संत कबीर दास वार्ड क्र 03 अंतर्गत गेट नंबर 02 से कैलाश गिरी शिव मंदिर तक में सी सी रोड एवं नाली निमार्गत कार्य	19,00,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
3	183403	संत कबीर दास वार्ड क्र 03 अंतर्गत अम्मा आटा चक्की से राहुल पात्र भंडार वाली गली में सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य	19,00,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
4	183412	बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत शोलापुरी माता मंदिर से राम जानकी मंदिर तक नाली, पुलिया निर्माण कार्य	18,44,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
5	183414	बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत धनलक्ष्मी नगर में गुप्ता मेडिकल स्टोर्स से मकान नंबर 3391 तक सी सी नाली, पुलिया निर्माण कार्य	35,00,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
6	183416	बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत शोलापुरी माता मंदिर से कमल चौक तक सी सी रोड निर्माण कार्य	17,69,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
7	183418	बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत कमल चौक से रामजानकी मंदिर तक सी सी रोड निर्माण कार्य	19,13,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण
8	183419	बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत दुर्गा मंदिर से रामजी पेट्रोल पंप तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य	40,00,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in on from 07.01.2026, 17.30 Hours. (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO.-1
MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति ने साहित्यकार को मंच से खदेड़ा

साहित्य कार्यक्रम में खुद की कहानी सुना रहे थे, लेखक बोले-मुद्दे पर लौटिए, इतने में भड़क गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय परिसंवाद में उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल विषय छोड़कर खुद की कहानी सुनाने लगे। महाराष्ट्र से आए साहित्यकार मनोज रुपण ने कहा कि अगर चर्चा कार्यक्रम के विषय पर केंद्रित हो, तो बेहतर रहेगा। उनके इतना कहते ही कुलपति चक्रवाल ने अपना आपा खो दिया और भरी सभा से उन्हें बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि वाइस चांसलर से बात करने का तरीका सीखिए। कुलपति ने संयोजकों को निर्देश दिया कि इन्हें आगे कभी न बुलाया जाए।

दरअसल, यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग में नई दिल्ली के साहित्य अकादमी और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'समकालीन हिंदी कहानीः बदलते जीवन संदर्भ' विषय पर राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया था, जिसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिसा सहित कई राज्यों के साहित्यकार और प्रोफेसर्स को बुलाया गया था। कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक चक्रवाल अपने जीवन के अनुभव और उपलब्धियों का जिक्र करने लगे। बातचीत के दौरान वो गुजराती और बनारसी भाषी सहित अपने व्यक्तिगत जीवन की कहानी बताने लगे। तब साहित्यकार असहज महसूस करने लगे। इस पर कुलपति चक्रवाल ने कहा कि ने पहले कहा कि आप लोग पहली बार मुझे सुन रहे हैं, क्षमा करिएगा कुछ अतिरिक्त हो जाए तो। इसके बाद भी वो कहानी सुनाते रहे। इसी दौरान एक साहित्यकार की तरफ इशारा करते हुए कहा कि भाई साहब आप बोर तो नहीं हो रहे हैं। उनकी बात सुनकर सहजता से साहित्यकार ने कहा कि मुद्दे की बात हो तो बेहतर होगा। खुले मंच पर हुई इस नोकझोंक से सभागार का माहौल गर्म हो गया। कई अतिथि असहज हो गए और कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर निकल गए। दूसरे राज्यों से आए साहित्यकारों ने इसे 'अनुचित' बताते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। अकादमिक मंच पर संवाद की जगह विवाद हावी हो गया।

मंच में कहा- इन्हें तमीज नहीं कुलपति से कैसी बात करते हैं, चलिए बाहर

उनकी बात सुनकर कुलपति चक्रवाल ने सख्त लहजे में पूछा कि आपका नाम क्या है, इस पर साहित्यकार ने अपना नाम मनोज रुपण बताया। फिर कहने लगे कि मैं सीधे मुद्दे की बात पर आता हूं, कुलपति ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बहुत बड़े कहानीकार- विद्यावान बन रहे हैं, लेकिन इन्हें तमीज नहीं कि कुलपति से कैसी बात करते हैं। उन्हें सभा से बाहर का रास्ता दिखा दिया, जिस पर मनोज रुपण उठकर चले गए। इस दौरान कुलपति के इस रवैए को देखकर सभा में मौजूद साहित्यकार और प्रोफेसर विरोध करने लगे। तब उन्हें भी कुलपति ने कह दिया कि उन्हें अच्छा नहीं लग रहा है तो बाहर चले जाएं। खुले मंच पर हुई इस नोकझोंक से सभागार का माहौल गर्म हो गया। कई अतिथि असहज हो गए और कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर निकल गए। दूसरे राज्यों से आए साहित्यकारों ने इसे अनुचित बताते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया।

साहित्यकार को बाहर भगाने का वीडियो वायरल

राष्ट्रीय परिसंवाद में साहित्यकारों को अपमानित करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुलपति आलोक चक्रवाल मंच पर साहित्यकारों को कुलपति से बात करने का तमीज सिखा रहे हैं। वहीं, साहित्यकार मनोज रुपण को सभा से बाहर जाने के लिए बोल रहे हैं। वहीं, उनकी बातों का विरोध करने वाले साहित्यकार और प्रोफेसर्स को भी बाहर जाने की बात कह रहे हैं।

न्यूज गैलरी

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस का संचालन रहेगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व रेलवे में चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस का संचालन 8 जनवरी से 14 जनवरी तक रद्द किया गया है। अतः उपरोक्त अवधि में यात्रियों को इस गाड़ी की सुविधा प्राप्त नहीं होगी।

देवगवा रोड समपार फाटक दो दिन रहेगी बंद

रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बीरसिंहपुर-नौरोजाबाद स्टेशनों के मध्य किमी 953/07-09 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या बीके-82 (देवगवा रोड) को 9 जनवरी की रात्रि 08 बजे से 10 जनवरी सुबह 8 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बीरसिंहपुर-नौरोजाबाद स्टेशनों के मध्य किमी 948/03-05 में स्थित अंडर पास से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

ई-मेल से जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मची अफरा-तफरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ई-मेल के माध्यम से न्यायालय बिल्डिंग को उड़ाने की धमकी मिलने से पूरा परिसर में अफरा-तफरी मच गया। मामला करीब 10-11 बजे सुबह की है। इस धमकी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे न्यायालय की जांच की गई। बम नहीं मिला अब पुलिस धमकी भरे ई-मेल करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है।

जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते के साथ कोर्ट परिसर को सील कर दिया। इसके बाद जजों के सभी कमरों की बारीकी से जांच की गई। गहन तलाशी के दौरान परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। जिला न्यायालय के ईमेल पर सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने मेल भेजकर कोर्ट बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, ईमेल भेजने वाले व्यक्ति का अभी तक पता नहीं चल पाया है। साइबर की ओर से ईमेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने दावा किया है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

जांच जारी है

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि ई-मेल के माध्यम से जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में साइबर सेल को भी शामिल कर आईपी एड्रेस के माध्यम से आरोपियों तक जल्दी पहुंच जाएंगे।

महुआ शराब सहित महिला गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर में महुआ शराब बेचने वाली महिला को रतनपुर पुलिस ने 10.500 लीटर कच्ची महुआ सहित गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 1050 रूपए बताई जा रही है। नये वर्ष में रतनपुर पुलिस की नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा नुपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा नशे के आरोपियों पर लगातार कार्यवाही करने टीम गठित किया गया है। 07 जनवरी को मुखबीर सूचना पर ग्राम लखराम के सुकृति वर्मा के घर में रेड कार्रवाई कर उक्त महिला के घर से 10.500 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1050 रूपये को जप्त कर आरोपिया के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय, प्र.आर. सउनि दिनेश तिवारी, प्र.आर. दिनेश कांत, आर. आकाश डोंगरे, देवानन्द चन्द्राकर, म.आर. अंजेला खलखो का विशेष योगदान रहा।

दीक्षित परिवार ने सिम्स में भेंट किया स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर कूलर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के लिए दीक्षित परिवार की ओर से एक सराहनीय पहल की गई। स्वर्गीय सूर्य कुमारी दीक्षित एवं स्वर्गीय राजनारायण दीक्षित की पुण्य स्मृति में सरकंडा अरविंद मार्ग निवासी दीक्षित परिवार द्वारा सिम्स चिकित्सालय को एक आधुनिक वाटर कूलर दान में प्रदान किया गया, जिसमें ठंडे एवं गर्म दोनों प्रकार के पानी की व्यवस्था उपलब्ध है, ताकि मरिजों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें सुविधा मिल सके। इस सेवा-कार्य का उद्घाटन गरिमामय समारोह में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह, सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही डॉ. अशोक दीक्षित, राकेश दीक्षित, संजय दीक्षित, सूरज दीक्षित, सौरभ श्रीवास्तव, रुद्र अवस्थी एवं राधा कृष्ण शर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। उल्लेखनीय है कि संजय दीक्षित कार्यक्रम में अपने माता-पिता की स्मृति में यह सेवा समर्पित करते हुए संजय दीक्षित ने कहा कि मरिजों की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सिम्स में प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों मरिजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ और उपयुक्त तापमान का पेयजल उपलब्ध कराना परिवार का उद्देश्य रहा है।

डॉ. मूर्ति ने की सराहना

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने दीक्षित परिवार के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों की सुविधा बढ़ाने में ऐसे सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इससे अस्पताल की सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा सकता है। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि स्वच्छ पेयजल मरिजों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, और यह दान सिम्स में उपचाररत मरीजों के लिए निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। यह पहल समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जो मरीजों की सेवा हेतु आगे आकर सहयोग करने की भावना को प्रोत्साहित करती है।

सतर्कता मॉनिटरिंग समिति की बैठक 15 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में 15 जनवरी को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण (स्वीकृत राशि/वितरित राशि) की स्थिति पर एवं अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

चेतना अभियान के तहत खैरा में ग्रामीणों को किया जागरूक

बिलासपुर /नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चेतना अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करना हेतु निर्देशित किया गया था के परिपालन में 7 जनवरी को रतनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा के महामाया कॉलेज रतनपुर द्वारा आयोजित एनएसएस कैम्प में चेतना अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के ज़रिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी, महिला बाल अपराधों के संबंध में, कानूनी अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति तथा यातायात नियमों, अनजान कॉल, लिंक या लालच में आकर किसी को भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोटा नूपुर उपाध्याय तथा महामाया कॉलेज के प्राचार्य, खैरा स्कूल के प्राचार्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवम बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से किसी भी समस्या की स्थिति में निर्भिक होकर पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया गया।

आयांश इलेवन ने स्काई इलेवन को 5 विकेट से हराया

अमरकंटक इलेवन ने कुंबली इलेवन को 7 रनों से हराया

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्व. ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के दसवें दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच स्काई इलेवन और आयांश इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच के अतिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय,ह्यस्त्द्व मनीष साहू, तहसीलदार आकाश गुप्ता, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर आयांश इलेवन टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्काई इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 63 रन बनाए। स्काई इलेवन के बल्लेबाज की ओर से बल्लेबाज कार्तिक ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। आयांश इलेवन आयांश इलेवन के गेंदबाज परिवेश ने सर्वाधिक 3 विकेट अर्जित किए। 10 ओवरों में 64 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयांश इलेवन की टीम ने 8वें ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रकार आयांश इलेवन की टीम ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। आयांश इलेवन के खिलाड़ी परिवेश को उनके ऑलराउंडर प्रदर्शन लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। आज का दूसरा मैच अमरकंटक इलेवन और कुंबली इलेवन पाटन के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि के रूप में पूर्णचंद्र पाढ़ी, पंकज सिंह, आशीष मोनू अवस्थी, आलोक सिंह परिहार, प्रकाश यादव उपस्थित थे।

सट्टा-जुआ के खेल में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सट्टा-जुआ खेलने वाले के एक आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से नगद राशि व सट्टा पट्टी जब्त की है। पुलिस के अनुसार 7 जनवरी को थाना सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बिलासपुर जिले में एक व्यक्ति सट्टा जुआ खेलने की गतिविधि में संलिप्त है। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम द्वारा त्वरित रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि कुमार रमानी को सट्टा पट्टी एवं नगद राशि के साथ मौके से पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में जुआ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपी के चल-अचल संपत्ति, बैंक खातों एवं वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। पूछताछ के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर उसके सहयोगियों एवं अन्य सट्टा गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा बिलासपुर जिले में सक्रिय अन्य सट्टेबाजों एवं जुआ संचालकों की लगातार तलाश की जा रही है। आगे भी ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन

कथा स्थान में 6 हजार श्रद्धालु आने की संभावना, सुरक्षा व्यवस्था भी चुस्त

आध्यात्मिक प्रवक्ता कथावाचक जया किशोरी का मायरा कथा व भजन आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री प्रेम सेवा परिवार के द्वारा विश्व विख्यात कथावाचक जया किशोरी का बिलासपुर में 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित मायरा कथा एवं भजन प्रारंभ होने जा रहा है। तीन दिनों तक शहर में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक मायर कथा एवं भजन कार्यक्रम होगा।

आज कलेक्टर संजय अग्रवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह मिनोचा कॉलोनी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और तैयारी का जायजा लिया। श्री प्रेम सेवा परिवार के सदस्यों से तैयारी के संबंध में चर्चा की। कथा स्थल में श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था सुरक्षा एवं पार्किंग तथा अन्य सुविधाओं को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सेवा परिवार के सदस्यों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयोजन समिति के सदस्यों से कहा है कि श्रद्धालुओं को यहां किसी प्रकार की परेशानी ना हो पार्किंग व्यवस्था समुचित होना चाहिए साथ ही बुजुर्गों के लिए अलग से व्यवस्था होनी चाहिए, कथा स्थल में बैठक व्यवस्थातथा लगभग 6000 श्रद्धालु के आने की संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से तीन दिनों तक संचालित करने के लिए भी पुलिस अधीक्षक ने आयोजन समिति की मांग पर यातायात पुलिस एवं सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिएहैं। आज कलेक्टर एवं एसपी के साथ यातायात विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

तीन दिनों तक चलेगी कथा

जया किशोरी के नानी बाई का मायरा भजन एवं कथा कार्यक्रम मे श्रोताओं एवं श्रद्धालुओं के लिए भव्य पांडाल तैयार हो गया है। श्री प्रेम सेवा परिवार के द्वारा नानी बाई का मायरा कार्यक्रम में विश्व विख्यात आध्यात्मिक कथा वाचक जया किशोरी बिलासपुर शहर वासियों को तीन दिन कथा वाचन से मंत्र मुग्ध करेंगी। श्री प्रेम सेवा परिवार ने बताया कि मायरा कथा भजन महिलाओं में ज्यादा प्रचलित है। नानी बाई का मायरा के कथा का प्रचार प्रसार पूरे विश्व में जया किशोरी के द्वारा किया जा रहा है । जया किशोरी मायरो को अपने कथा एवं भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रवण पान करा रही हैं। बिलासपुर में यह पहला कार्यक्रम होने जा रहा है। श्री प्रेम सेवा परिवार आयोजन समिति को जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के द्वारा सहयोग मिल रहा है।

डूम्सडे ग्लेशियर बर्बाद होने की कगार पर...



अंटार्कटिका के थ्वेट्स ग्लेशियर को 'डूम्सडे ग्लेशियर' (कयामत का ग्लेशियर) कहा जाता है। हाल के रिसर्च से पता चला है कि यह तेजी से कमजोर हो रहा है। अगर यह पूरी तरह ढह गया तो वैश्विक समुद्र स्तर में तुरंत 65 सेंटीमीटर (लगभग 2 फीट) तक की बढ़ोतरी हो सकती है, जो दुनिया के तटीय शहरों और द्वीपों के लिए बड़ा खतरा है। जलवायु परिवर्तन की वजह से गर्म समुद्री पानी इस ग्लेशियर को अंदर से खोखला कर रहा है।

थ्वेट्स ग्लेशियर क्या है और क्यों है खतरनाक?



थ्वेट्स ग्लेशियर पश्चिमी अंटार्कटिका में है। फ्लोरिडा राज्य जितना बड़ा है (लगभग 129 द्मद्ब चौड़ा)। यह दुनिया का सबसे चौड़ा ग्लेशियर है. यह वेस्ट अंटार्कटिक आइस शीट को रोककर रखता है, जैसे बोतल में कॉर्क। अगर थ्वेट्स ढह गया, तो पीछे की पूरी आइस शीट बह सकती है। जिससे समुद्र स्तर 3 मीटर (10 फीट) तक बढ़ सकता है. इससे पूरी दुनिया के तटीय शहरों को नुकसान होगा। अकेले थ्वेट्स में इतनी बर्फहै कि पिघलने पर समुद्र स्तर 65 सेंटीमीटर बढ़ेगा। पिछले 40 सालों में इसकी पिघलने की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। हर साल 50 अरब टन बर्फपिघल रही है।

यमन संकट के बीच सुरक्षित भारत लौटी भारतीय युवती

नई दिल्ली। यमन में बढ़ते राजनीतिक और सैन्य तनाव के बीच एक राहत भरी खबर सामने आई है। सोकोत्रा द्वीप पर पिछले कई हफ्तों से फंसी भारतीय नागरिक रक्षी किशन गोपाल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और वे सकुशल भारत लौट आई हैं। यमन स्थित भारतीय मिशन ने जानकारी दी कि 7 जनवरी को एक विशेष यमनिया एयरलाइंस की उड़ान के जरिए उन्हें सोकोत्रा से सऊदी अरब के जेद्दा लाया गया। वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने उन्हें रिसीव किया और इसके बाद उनकी भारत वापसी सुनिश्चित की गई। दरअसल, यमन के कई हिस्सों में हाल के दिनों में हालात बेहद खराब हो गए हैं। सऊदी अरब समर्थित सरकारी बलों और यूएई समर्थित सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के बीच संघर्ष तेज हो गया है।

दिल्ली तुर्कमान गेट में बवाल: पुलिस ने छह और को किया गिरफ्तार, अब तक 11 पकड़े

❒ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

नई दिल्ली। दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में हाल ही में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 6 और संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि बाकी बचे लोगों की तलाश जारी है। यह घटना तब हुई जब दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की टीम सात जनवरी को तड़के अवैध निर्माणों को हटाने के लिए पहुंची थी।

दिल्ली में मस्जिद के पास बुलडोजर एक्शन

इस दौरान, स्थानीय लोगों के एक समूह ने कार्रवाई का विरोध किया, जिसके परिणामस्वरूप बवाल की स्थिति उत्पन्न हो गई। विरोध कर रही भीड़ ने एमसीडी अमले और पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया, जिसमें एसएचओ सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा था।

अब तक छह और लोगों को किया गिरफ्तार

तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में पुलिस ने अफ्फान पुत्र इकबाल, आदिल पुत्र आमिल, शाहनवाज पुत्र मोह वाली, हमजा पुत्र मोह कामिल, अतहर पुत्र नदीम और उबेद पुत्र अब्दुल सुभान को गिरफ्तार किया है। तुर्कमान गेट पर हुए बवाल के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया, अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बवाल की पृष्ठभूमि और कार्रवाई यह घटना दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई। एमसीडी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की थी।

गिरफ्तारी और जांच इस बवाल के संबंध में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एफ्आईआर दर्ज की और उपद्रवियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी शुरू की। प्रारंभिक गिरफ्तारियों के बाद, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त गिरफ्तारियां की हैं। अब तक कुल 11 लोगों को पकड़ा जा चुका है और पुलिस बाकी फ्रार आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस की टीमें इन उपद्रवियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों का सहारा ले रही हैं।

फैज-ए-इलाही में नगर निगम के बुलडोजर एक्शन के बाद तनाव, पुलिस फोर्स के अधिकारी और जवान गश्त कर रहे।

पुलिस गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के मुख्य साजिशकर्ताओं और अन्य संलिप्त लोगों का पता लगाया जा सके।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

पुलिस द्वारा गिरफ्तारियां किए जाने के बावजूद, एमसीडी की टीम ने आज भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी है। यह कार्रवाई अदालत के निर्देशों के अनुसार और सार्वजनिक हित में की जा रही है। एमसीडी अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान जारी रहेगा जब तक कि सभी अवैध निर्माणों को हटाया नहीं जाता। तुर्कमान गेट क्षेत्र में इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अफ्वाह पर ध्यान न दें और पुलिस को सहयोग करें।

कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं, इसलिए काटते हैं, अनुभव से बोल रहा हूं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों पर सुनवाई चल रही है। एनिमल वेलफेयर की तरफसे सुनवाई लड़ने वाले एडवोकेट सीयू सिंह ने कोर्ट में कुत्तों का पक्ष रखते हुए कहा कि अगर गलियों से आवारा कुत्तों को हटाया गया, तो चूहों की तादाद अचानक से बढ़ सकती है। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायाधीश ने कहा, तो क्या बिल्लियां ले आएं?

एडवोकेट सीयू सिंह का कहना है कि भारी संख्या में आवारा कुत्तों को एक ही शेल्टर में रखने से कई बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। ऐसे में कुत्तों के लिए 91,800 नए शेल्टर बनाए जाने चाहिए। सीनियर एडवोकेट ध्रुव मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि आखिरी बार कुत्तों की मॉनिटरिंग 2009 में हुई थी। तब दिल्ली में सिर्फ 5,60,000 कुत्ते थे। मगर, अब इनकी संख्या बढ़ चुकी है। इसलिए कुत्तों की मॉनिटरिंग करना बेहद जरूरी है। कोर्ट में एक अन्य याचिकाकर्ता की तरफ से दलील देते हुए सीनियर एडवोकेट नकुल दीवान ने कहा, ÷मेरे क्लाइंट एक एनजीओ चलाते हैं, जिसमें 45 लोग काम करते हैं। उनकी टीम ने अब तक 66000 से ज्यादा कुत्तों की जान बचाई है और 15000 कुत्तों की नसबंदी करवाई है। वकीलों की दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए कोर्ट ने कहा,÷क्या इसका आवारा कुत्तों को हटाने से कोई संबंध है?

अमेरिका के खिलाफ ईरान का आक्रामक रुख

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन हो रहा है और इस प्रदर्शन का समर्थन अमेरिका और इजरायल खुले तौर पर कर रहे हैं। ईरान की सरकार को इसी बात से दिक्कत है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने बुधवार, 7 जनवरी को इसे लेकर प्री-एम्प्टिव अटैक की चेतावनी दी। इस चेतावनी के जरिए अमीर हातामी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की दी गई धमकी का भी करारा जवाब दिया है। अमेरिका से मिली इस धमकी के बाद ईरान डिफेंस की जगह एक्शन मोड में आ गया है। ईरान ने साफ-साफकह दिया है कि उनके देश के खिलाफहो रही बयानबाजी का जवाब सिर्फशब्दों से नहीं बल्कि अब सैन्य कार्रवाई से दिया जाएगा।

अमेरिका-ईरान के बीच टकराव

अमेरिका ने ईरान में हो रहे प्रदर्शन को लेकर कहा था कि 'अगर तेहरान शांतपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर सख्त रुख अपनाता है, तब अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा।'

खनन नीति में बदलाव कांग्रेस ने की आलोचना, मोदी सरकार का नया झटका

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गैर-कोयला खनन परियोजनाओं से संबंधित पर्यावरण मंजूरी नियमों में बदलाव को लेकर सरकार की आलोचन की है। पर्यावरण मंत्रालय के हालिया ज्ञापन के अनुसार, गैर-कोयला खनन परियोजना विकासकर्ताओं को पर्यावरण मंजूरी के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक, मंत्रालय को भूमि अधिग्रहण का प्रमाण चाहिए होता था। कांग्रेस ने कहा कि यह जिम्मेदार पर्यावरण प्रशासन के लिए मोदी सरकार द्वारा एक और झटका है। कांग्रेस महासचिव और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने कहा, गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए नीति यह रही है कि पहले कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण पूरा किया जाए। उसके बाद ही पर्यावरण संबंधी मंजूरी मांगी जा सकती है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

बीएमसी चुनाव से पहले 12 पार्षद बीजेपी में शामिल

मुंबई। महाराष्ट्र में नगर निगम के चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। बीएमसी चुनाव से पहले कांग्रेस के सभी 12 निलंबित पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इन पार्षदों को बीजेपी में शामिल कराया। रवींद्र चव्हाण ने आगे लिखा कि 'इस अवसर पर कल्याण-डोंबिवली नगर निगम की स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष और निर्विरोध भाजपा उम्मीदवार दीपेश म्हात्रे, जयेश म्हात्रे, हर्षदताई भोईर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।' ठाणे जिले में अंबरनाथ नगर परिषद के चुनावों में इन पार्षदों ने बीजेपी के साथ मिलकर अंबरनाथ विकास अघाड़ी नाम से पार्टी बनाई थी।

बीजेपी में शामिल हुए 12 पार्षद

बीजेपी में इन पार्षदों को शामिल करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में रवींद्र चव्हाण ने लिखा कि 'भाजपा परिवार की विकासोन्मुखी और जनहितैषी कार्यशैली से प्रेरित होकर, उबाथा समूह के कल्याण ग्रामीण उप-जिला प्रमुख राहुल भगत ने विकास का 'कमल' अपने कंधों पर उठाया। इस अवसर पर भाजपा परिवार में उनका स्वागत किया गया और उन्होंने भाजपा के भविष्य के सफ्र के लिए शुभकामनाएं दीं।'

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

बजट से पहले स्टील उद्योग को लेकर एसोचैम का रोडमैप

कार्बन उत्सर्जन कम करने पर सरकार से मांगा सहयोग

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट से पहले उद्योग संगठन एसोचैम ने स्टील उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन को तेज करने के लिए सरकार से नीतिगत समर्थन की अपील की है। संगठन ने हाइड्रोजन आधारित डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन के लिए इंसेंटिव, रियायती ग्रीन फाइनेंस, वेस्ट-हीट रिकवरी सिस्टम और रिन्यूएबल कैप्टिव पावर प्लांट्स को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करने वाली हैं। इससे पहले जारी प्री-बजट सिफारिशों में एसोचैम ने कहा कि डीकार्बोनाइजेशन, जहां एक बड़ी चुनौती है, वहीं यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए बड़ा अवसर भी बन सकता है। संगठन ने स्क्रैप कलेक्शन और रीसाइक्लिंग को प्रोत्साहन देने पर भी जोर दिया है।

एसोचैम के मुताबिक, घरेलू रीसाइक्लिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और स्किलिंग बढ़ाने से आयात पर निर्भरता कम होगी। हालांकि, संगठन ने स्टील सेक्टर की चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिलाया। चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक होने और 8 से 9 फीसदी की मजबूत ग्रोथ के बावजूद, सेक्टर को ऊंची इनपुट लागत, रुपये की कमजोरी और कोकिंग कोल के भारी आयात पर निर्भरता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि देश में इसके खनन योग्य भंडार बेहद सीमित हैं।

लाल निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 70 अंक टूटा

मुंबई। विदेशी निधियों की लगातार निकासी और संभावित अमेरिकी टैरिफवृद्धि की चिंताओं के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 255.86 अंक गिरकर 84,705.28 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 65.9 अंक गिरकर 26,074.85 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे गिरकर 89.90 पर आ गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, मारुति, टेक महिंद्रा, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

कंगारूओं ने जमाया सीरीज पर कब्जा, 4-1 से जीते

नई दिल्ली। एशेज 2025-26 सीरीज का आखिरी टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया जहां ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली. पांचवें दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 342 रन पर सिमट गई जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य मिला. कंगारू टीम ने इस लक्ष्य को बिना ज्यादा दबाव के 31.2 ओवर में हासिल कर लिया. इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैदान पर एक बार फिर एशेज में अपना दबदबा साबित किया। सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. पहली पारी में इंग्लैंड की टीम ने 384 रन बनाए. इस दौरान जो रूट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 160 रन की पारी खेली. उनकी इस पारी की

बदौलत इंग्लैंड एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सका. ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने बीच बीच में विकेट जरूर निकाले लेकिन रूट के सामने उनकी एक नहीं चली. इंग्लैंड की यह पारी मुकाबले को रोमांचक बनाने के लिए काफी अहम रही। इंग्लैंड के स्कोर के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की. ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने शतक जमाकर इंग्लैंड को पूरी तरह बैकफुट पर डाल दिया. हेड ने 163 रन की दमदार पारी खेली जबकि स्मिथ ने 138 रन बनाए।

बॉक्स ऑफिस पर फुस्स, ओटीटी पर किस्मत आजमाएगी दे दे प्यार दे 2

मुंबई। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर रोमांटिक-कॉमेडी दे दे प्यार दे 2 अब सिनेमाघरों के बाद OTT प्लेटफॉर्म पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है. बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों पर खरी न उतर पाने के बाद फिल्म अब अपनी किस्मत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आजमाने जा रही है. ऐसे में आइए बताते हैं आप अजय देवगन की फिल्म को कब और कहां देख सकते हैं.

नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म का लेटेस्ट पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए इसकी OTT रिलीज डेट की पुष्टि कर दी है. पोस्टर के कैप्शन में लिखा गया, "परिवार से मिलने का समय आ गया है, क्योंकि अब है लड़कीवालों की बारी. दे दे प्यार दे 2 देखें, 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर। दे दे प्यार दे 2 9 जनवरी से Netfli& पर स्ट्रीम

होना शुरू होगी. यह फिल्म साल 2019 में आई दे दे प्यार दे का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह नजर आए थे।"

फिल्म की कहानी क्या है?

पहली फिल्म की कहानी 50 वर्षीय सिंगल पिता आशीष (अजय देवगन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे 26 साल की आयशा (रकुल प्रीत सिंह) से प्यार हो जाता है. जब वह उसे अपने परिवार से मिलवाने भारत लाता है, तो उम्र के इस फासले को लेकर कई दिलचस्प हालात पैदा होते हैं।

शोभिता धुलिपाला की 'चीकाटिलो' का पोस्टर जारी

मुंबई। 'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आई अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। जानिए कब और कहां रिलीज होगी फिल्म। 'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है।

न्यूज गैलरी

राम मंदिर में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। यूको बैंक की मिड कॉर्पोरेट शाखा द्वारा बैंक के 84वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत श्री राम मंदिर में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को मिष्ठान एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया तथा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक श्री सौरभ प्रदीप प्रकाश एवं श्री लक्ष्मीकांत पाणिग्राही, आचार्य श्री हनुमंत कुमार द्विवेदी तथा श्री चंद्रप्रकाश जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा यूको बैंक की स्थापना, विकास यात्रा, सेवाओं एवं समाज के प्रति दायित्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी करने वाला प्रदेश का पहला जिला बना राजनांदगांव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 7 जनवरी की स्थिति में पूरे राज्य से केवल राजनांदगांव जिले द्वारा समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी करते हुए प्रदेश में पहला जिला बनने का गौरव प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत समर्थन मूल्य पर खरीफ में सोयाबीन, अरहर, उड़द तथा मूंग फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए जिले में इस प्रकार के 15 उपार्जन केंद्र चिन्हित किए गए हैं। साथ ही समस्त उपज कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समितियों को उपार्जन केंद्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से जिले में खरीफ दलहन तिलहन फसलों की खरीदी जा रही है। जिसके लिए समर्थन मूल्य पहले ही जारी किया जा चुका है। जिसके अनुसार सोयाबीन 5328 रुपये प्रति क्विंटल, मूंग 8768 रु, उड़द 7800 रु, अरहर 8000 रु प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। साथ ही उपार्जन सीमा भी निर्धारित किया गया है जिसके अनुसार सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ तथा उड़द, अरहर एवं मूंग तीन क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है।

स्टेशनरी दुकान में नशे के लिए बेचा जा रहा था व्हाइटनर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्टेशनरी दुकान संचालक द्वारा नशे के उद्देश्य से नाबालिग बच्चों को नशे के उद्देश्य से डायल्यूटर्स एवं व्हाइटनर बेचे जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक स्टेशनरी दुकान द्वारा नाबालिग बच्चों को नशे के उद्देश्य से डायल्यूटर्स एवं व्हाइटनर बेचे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना को गंभीरता से देखते हुए एएसपी अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा मौके पर दबिश देकर दुकानदार को नाबालिगों को व्हाइटनर एवं डायल्यूटर्स बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उक्त प्रकरण में प्रेमलाल देवांगन निवासी इंदिरापुर, संचालक देवांगन जनरल स्टोर के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस राजनांदगांव आमजन को यह स्पष्ट रूप से अवगत कराती है कि नाबालिगों को किसी भी प्रकार के नशीले अथवा दुरुपयोग योग्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निजी मोबाइल एप से टीचर्स से उपस्थिति देने का निर्णय अव्यवहारिक

गंडई/पंडरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति वीकेएस एप के माध्यम से करने के निर्णय को अव्यवहारिक बताया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला के सी जी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष छुईखदान बलदाऊ जंघेल ने राज्य शासन के निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि उक्त एप में मेटा द्वारा निर्धारित शर्तों ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर डालने पर उक्त एप कार्य करेगा। शिक्षकों की निजी जानकारी संबंधित सेवा दाता कंपनी के पास होने से बहुत से शिक्षकों के साथ विगत दिनों में बहुत से फ्राड की घटनाएं हुई है जिसमें शिक्षकों के खाते से फर्जी तरीके से पैसा ट्रांसफर हो गया है। शासन का यह निर्णय अव्यवहारिक है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि छ ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। रमन सिंह के कार्यकाल में प्राथमिक, माध्यमिक उच्च माध्यमिक एवं उत्तर माध्यमिक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन का वितरण किया गया था। उक्त बायोमेट्रिक को अपडेट कर प्रत्येक स्कूल स्तर में सरलता स्थापित कर स्कूल से संबंधित समस्त जानकारी ऑनलाइन अद्यतन एवं उपस्थिति को सुनिश्चित किया जा सकता है। शासन इस ओर पहल करे।

नवजात की मौत का मामला, 10 दिन बाद भी नहीं मिली जांच रिपोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपोलो अस्पताल में प्रसव पीड़िता से लापरवाही और नवजात की मौत का मामला अबत अनसुलझा है। घटना को 10 दिन बीत चुके है, लेकिन सीएमएचओ के द्वारा गठित टीम की जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि जांच कलेक्टर के निर्देश पर की जानी है, लेकिन इसके बाद भी टीम ने ठोस रिपोर्ट अबतक पेश नहीं की है। ऐसे में टीम के जांच करने के तरीके पर भी सवाल उठ रहे हैं। दरअसल 23-24 की दरमियानी को विनोबा नगर निवासी पीहू अग्रवाल को प्रसव के लिए हुई दिक्कतों के कारण नवजात की मौत हो गई थी। मामले में अपोलो प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा था और मामला कलेक्टर तक पहुंच चुका था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने 4 सदस्यीय टीम गठित की है लेकिन 10 दिन बाद भी टीम की जांच अधर में अटकी हुई है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का केंद्र सरकार पर तीखा हमला, बोले-

घमंड में डूबी भाजपा ने कमजोर की मनरेगा, पंचायतों से छीने अधिकार

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव सचिन पायलट शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। पायलट ने मनरेगा योजना को ÷व्यवस्थित तरीके से कमजोर और खत्म करने÷ का आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीबों के लिए सुरक्षा कवच थी, जिसे भाजपा सरकार ने धीरे-धीरे निष्क्रिय कर दिया है।

सचिन पायलट ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का रोजगार मिलने की गारंटी थी, लेकिन आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं कि यह योजना सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मनरेगा की पूरी राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती थी, लेकिन अब उस व्यवस्था को भी कमजोर कर दिया गया है। इससे गरीबों के रोजगार के अधिकार पर सीधा हमला हुआ है। पायलट ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत कामों का चयन ग्राम पंचायतें करती थीं, जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार रोजगार सृजित होता था। अब योजना को पूरी तरह केंद्रीकृत कर दिया गया है और फंड पर भी केंद्र का नियंत्रण हो गया है। इससे पंचायतें बेबस हो गई हैं और उनकी भूमिका केवल औपचारिक रह गई है।

भाजपा से पूछे सवाल: कांग्रेस प्रभारी ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि अगर सरकार को मनरेगा में सुधार करना था तो मजदूरी दर बढ़ाई जाती, काम के दिन बढ़ाए जाते, लेकिन भाजपा ने तो योजना को ही खत्म करने का रास्ता चुना। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना की मूल भावना और आत्मा को ही बदल दिया गया है। यह योजना सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि गरीबों की गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ी थी। पायलट ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा नेताओं में घमंड आ गया है। उन्होंने कहा कि खंडित जनादेश के बावजूद सरकार अहंकार में डूबी हुई है, लेकिन देश की जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी के मामलों पर भी पायलट ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा कानून-व्यवस्था की दुहाई देती है, लेकिन न्यायालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं को धमकियां मिलना शासन की विफलता को दर्शाता है। आज मध्यम वर्ग, महिलाएं और कमजोर वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

> **जंबूरी विवाद पर क्या बोले?**
>
> जंबूरी 2026 विवाद पर पायलट ने कहा कि यह जनता के पैसे का सवाल है। बिना टेंडर के काम कराना भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। सरकार को अहंकार छोड़कर निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। इस दौरान पायलट ने संगठनात्मक मजबूती पर भी जोर दिया और कहा कि छत्तीसगढ़ में जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग जल्द कराई जाएगी। रायपुर दौरे के दौरान वे मनरेगा आंदोलन की समीक्षा और संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे। उनका यह दौरा कांग्रेस की आक्रामक रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

नववर्ष में अम्बेडकर अस्पताल का नव कीर्तिमान

वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान बंद हुई हृदय की नसें, स्टेंट से 'चिमनी' बनाकर बचाई मरीज की जान

■ **कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव एवं टीम ने अल्ट्राथिन (अत्यंत पतले) डिलीवरी सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए स्टेंट लगाकर बनाई 'चिमनी' संरचना**

रायपुर/नवप्रदेश। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के एडवांस्ड कार्डियक इंस्टिट्यूट ने नववर्ष 2026 की शुरुआत एक ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ की है। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 में कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा 2600 से अधिक जटिल हृदय प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक की गईं। वर्ष 2009 में मात्र 41 मामलों से शुरू हुआ यह विभाग आज प्रतिवर्ष 2000 से अधिक उन्नत कार्डियक प्रक्रियाओं को अंजाम दे रहा है।

कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि नए वर्ष में विभाग ने एक अत्यंत जटिल ट्रांसकैथेटर ऑर्टिक वाल्व प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित किया। रायपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला लंबे समय से सांस फूलने एवं हार्ट फेलियर से पीड़ित थीं। जांच में सामने आया कि उनका ऑर्टिक वाल्व पूरी तरह कैल्शियम से कठोर हो चुका था, जिसके कारण हृदय की पंपिंग क्षमता मात्र 20 प्रतिशत रह गई थी।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार, इस अवस्था में ओपन हार्ट सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं लगभग असंभव थी। ऐसे में डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्डियोलॉजी विभाग की टीम और कार्डियक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में संयुक्त रूप से 'हार्ट टीम' का गठन कर बिना चीर-फाड़ के पैर की नस के माध्यम से वाल्व प्रत्यारोपण का निर्णय लिया गया।

प्रक्रिया की तैयारी एक माह पूर्व विशेष सीटी स्कैन विश्लेषण एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत वित्तीय स्वीकृति के साथ शुरू हुई। जांच में यह भी पाया गया कि मरीज की पैर की नसें पतली एवं कैल्शियम युक्त थीं, जिससे वाल्व डिलीवरी सिस्टम को हृदय तक पहुँचाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। साथ ही, जन्मजात संरचनात्मक विसंगति के कारण हृदय की कोरोनरी धमनियाँ वाल्व के काफी समीप थीं, जिससे वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान दोनों धमनियों के बंद होने का गंभीर खतरा था। इस जटिलता से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने दोनों कोरोनरी धमनियों में स्टेंट डालकर उनके और वाल्व के बीच 'चिमनी' संरचना तैयार की। प्रक्रिया के अंतिम चरण में वाल्व डिलीवरी के दौरान बाएं पैर की नस में ब्लॉकेज उत्पन्न हो गया, जिसे दाहिने पैर के रास्ते तत्काल बलून एंजियोप्लास्टी कर रक्त प्रवाह पुनः स्थापित किया गया।

लगभग चार घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया के पश्चात ऑपरेशन टेबल पर ही मरीज के ऑर्टिक वाल्व का प्रेशर 80 से घटकर शून्य हो गया और हृदय की पंपिंग क्षमता 20 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई। दोनों कोरोनरी धमनियों में रक्त प्रवाह सामान्य रहा तथा हृदय की धड़कन पूरी तरह स्थिर रही।

जिला न्यायालय में बम होने का आया धमकी भरा मेल, परिसर में हड़कंप, प्रशासन की पैनी नजर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिला न्यायालय परिसर में बम रखे होने की धमकी भरा एक मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया और एहतियातन न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया। वकीलों और आम नागरिकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। इस धमकी भरे मेल के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

धमकी की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। न्यायालय परिसर को खाली कराने के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बम निरोधक दस्ते (बम स्क्वॉड) और अन्य सुरक्षा टीमों को मौके पर बुलाया गया, जो सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए गए हैं।

---

30 वर्ष तक के विचाराधीन बंदियों को स्ट्रीट फूड बनाने का प्रशिक्षण

■ **छत्तीसगढ़ के युवा बंदियों को अपराध से दूर करने नई पहल, जल्द होगी लागू**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में युवा बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जेल मुख्यालय ने एक नई योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रदेश की जेलों में बंद 30 वर्ष तक की आयु के विचाराधीन बंदियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास तौर पर कम लागत में शुरू होने वाले स्ट्रीट फूड व्यवसाय के लिए उन्हें मोमोस, चाउमिन, पकोड़े जैसे फास्ट फूड तैयार करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। योजना को जल्द ही औपचारिक रूप से लागू कर पूरे प्रदेश की जेलों में विस्तार किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, इस योजना की अनौपचारिक शुरुआत रायपुर सेंट्रल जेल से हो चुकी है। स्ट्रीट फूड का व्यवसाय कम पूंजी में शुरू किया जा सकता है और इसका प्रशिक्षण 15 दिन से एक महीने के भीतर दिया जा सकता है। इसी कारण ऐसे विचाराधीन बंदियों को योजना में शामिल किया गया है, जो तीन-चार महीने में जमानत पर रिहा हो जाते हैं। रायपुर संभाग की जेलों में ही लगभग दो हजार युवा विचाराधीन बंदी हैं, जबकि पूरे प्रदेश में करीब पांच हजार बंदियों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

> **रोजगार देना उद्देश्य**
>
> डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जेल प्रशासन का प्रयास है कि बंदी जेल से बाहर निकलने के बाद दोबारा अपराध की ओर न लौटें। जमानत पर रिहा होने के बाद उनकी सबसे बड़ी जरूरत रोजगार होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई गई है, ताकि जेल से बाहर निकलते समय उनके पास आजीविका का साधन मौजूद हो। उन्होंने बताया कि बंदियों के कल्याण के लिए पहले से भी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

छापों के बावजूद नहीं थम रहा नकली पनीर का कारोबार

केएलपी डेयरी से 1700 किलो नकली पनीर जब्त, कीमत करीब 4.76 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की सख्ती के बावजूद राजधानी रायपुर में नकली पनीर का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कारोबारी शहर के आउटर क्षेत्रों में गोदाम बनाकर बेखौफ नकली पनीर तैयार कर रहे हैं और इसे शहर में खुलेआम खपाया जा रहा है। बुधवार को एफडीए की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाठागांव स्थित एक गोदाम में छापा मारकर 1700 किलो नकली पनीर जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत करीब 4.76 लाख रुपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार, विभाग को सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 64 भाठागांव क्षेत्र में स्थित केएलपी डेयरी एवं मिल्क प्रोडक्ट में बड़ी मात्रा में नकली पनीर बनाया जा रहा है। सूचना के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। निरीक्षण के दौरान वहां लूज पनीर तैयार करते हुए पाया गया। टीम ने पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। साथ ही मौके से 1700 किलोग्राम पनीर को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद संबंधित डेयरी संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> **लगातार जारी है कार्रवाई**
>
> खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का दावा है कि नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 में जिले की बड़ी दुकानों और डेयरियों में जांच कर मिलावटी मिठाई, पनीर और खोवा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। पिछले एक साल में 35 स्थानों से पनीर के सैंपल लिए गए, जिनमें से अमानक पाए जाने पर करीब 9700 किलोग्राम एनालॉग पनीर, पनीर और खोवा जब्त कर नष्ट किया गया।

बीजापुर में जिला स्तरीय अधिकारियों से नियद नेल्ला नार योजना की ली जानकारी

नए ऊर्जा और नई रणनीति के साथ बीजापुर के विकास में जुटें अधिकारी: शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा बीजापुर के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ नियद नेल्ला नार योजनान्तर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागवार योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र माओवाद का पूरी तरह उन्मूलन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का नया अध्याय शुरू होगा।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि माओवाद के समूल उन्मूलन के बाद लोगों में विश्वास जगाना और विकास कार्यों में तीव्रता लाना आवश्यक होगा। अब समय बहुत कम है, इसलिए शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन नई ऊर्जा, नई रणनीति और जनकल्याण की भावना के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बीजापुर के सुदूर अंचलों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ा जाएगा। जिले के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं सुगमता से पहुंचेंगी, जिसमें जिला, विकासखण्ड और मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि माओवाद मुक्त ग्राम पंचायतों को विशेष परियोजना के तहत 'इलवद पंचायत' के रूप में एक करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। इसके साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी 'नियद नेल्ला नार' योजना के अंतर्गत जिले के 201 गांवों को शामिल किया गया है, जहां शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्तता और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जा रहा है। बैठक में एडीजी नक्सल ऑपरेशन श्री विवेकानंद सिन्हा ने कहा कि बीजापुर में अब शांति और सुरक्षा की स्थिति सुदृढ़ हो रही है, जिससे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पहले की तुलना में अधिक सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि पहले और आज के बीजापुर में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

पंचायत विभाग के सचिव श्री भीम सिंह ने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का निराकरण लगातार किया जा रहा है और बस्तर संभाग का विकास शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बीजापुर के समग्र विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा, बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी, संचालक श्री अश्विनी देवांगन, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ श्री रंगानाथन रामाकृष्णन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चौबे सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com